दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली ।। रविवार 26 मई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 226 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## दीप प्रज्जवलन के साथ शुरू हुआ भव्य कवि सम्मेलन 'अट्टहास'









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कवि नगर आरडब्ल्यूए द्वारा आयोजित भव्य कवि सम्मेलन अट्टहास शनिवार को कवि नगर रामलीला मैदान में दीन प्रज्जवलन के साथ शुरू हुआ। अध्यक्ष एमएलसी दिनेश गोयल, आरडब्ल्यूए के संरक्षक तथा सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल, यशोदा अस्पताल के सीएमडी डॉ. पीएन अरोड़ा ने दीप प्रज्जवलित कर कवि सम्मेलन की शुरुआत की। इस अवसर पर दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष तथा शिक्षाविद डॉ. अतुल कुमार जैन भी मुख्य रूप से मौजूद थे।

कवि सम्मेलन देर रात तक चलता रहा, जिसमें श्रृंगार रस के कवियों से लेकर ओज रस के कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया।

# छठे चरण में शाम 5 बजे तक 57.70% हुई वोटिंग

## उत्तर प्रदेश में 52.2%, दिल्ली 53.51%, हरियाणा 55.93%, बिहार 52.24%, जम्मू-कश्मीर 51.35%, झारखंड 61.41%, ओडिशा 59.60% और प. बंगाल 77.99% सबसे अधिक पश्चिम बंगाल में रहा आंकड़ा

**नई दिल्ली।** सात चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण में आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की कुल 58 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ। छठे चरण में शाम 5 बजे तक 57.70% हुई वोटिंग। उत्तर प्रदेश में 52.2%, दिल्ली 53.51%, हरियाणा 55.93%, बिहार 52.24%, जम्मू-कश्मीर 51.35%, झारखंड 61.41%, ओडिशा 59.60% और प. बंगाल 77.99% सबसे अधिक पश्चिम बंगाल में रहा वोटिंग का आंकड़ा।

छठे चरण में 889 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में बिहार की आठ, हरियाणा की सभी दस, झारखंड की चार, दिल्ली की सभी सात, ओडिशा की छह, उत्तर प्रदेश की 14, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर वोटिंग है।



### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया मतदान

लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के मतदान हो रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मतदान किया। वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते हुए। राष्ट्रपति मुर्मू।

### पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने डाला वोट

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने दिल्ली के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला।

### राहुल और सोनिया गांधी ने दिल्ली में डाला वोट

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के छठे चरण में अपना वोट डाला। वोट डालने के बाद दोनों मां-बेटे ने मतदान केंद्र के बाहर सेल्फी भी ली।

**प्रियंका गांधी ने किया मतदान, किया बड़ा दावा :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मतदान केंद्र अटल आदर्श विद्यालय, लोधी एस्टेट पर अपना वोट डाला। मतदान करने के बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, इंडी गठबंधन ही जीतेगा। महंगाई और बेरोजगारी सबसे बड़े मुद्दे हैं...हम अपने गिले-शिकवे अलग रखकर संविधान के लिए और लोकतंत्र के लिए वोट दे रहे हैं।

**वरुण गांधी ने दिल्ली में किया मतदान :** दिल्ली में भाजपा नेता वरुण गांधी ने लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण में मतदान किया।

**अजय माकन ने दिल्ली में किया मतदान :** दिल्ली में कांग्रेस नेता अजय माकन ने लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण में मतदान किया। अजय माकन ने कहा, 'माहौल बहुत ही अच्छा है। सब लोग क्ठउक्क्अ गठबंधन के हक में मतदान कर रहे हैं... लोगों से बात करके पता चलता है कि यहां क्ठउक्क्अ गठबंधन की बहुत अच्छी स्थिति है।'

**केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भुवनेश्वर में किया मतदान :** ओडिशा के भुवनेश्वर में केंद्रीय मंत्री और संबलपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार धर्मेंद्र प्रधान ने मतदान किया।

**भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने परिवार समेत डाला वोट :** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने अपने परिवार के साथ लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के लिए मतदान किया।

**डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने किया मतदान :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मतदान किया। वोट डालने के बाद उन्होंने कहा, वोट डालना लोकतंत्र के महत्वपूर्ण पर्व पर हमारा अधिकार भी है और हमारा कर्त्तव्य भी है। मैं फूलपुर लोकसभा का मतदाता भी हूं इसलिए मैं अपने परिवार के साथ मतदान करने आया हूं। मैं सबसे अपील करता हूं कि सभी मतदान करने जरूर जाएं।

**कपिल देव, महावीर फोगाट, बबीता फोगाट ने डाला वोट :** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में पूर्व पहलवान महावीर फोगाट और भारतीय पहलवान बबीता फोगाट ने मतदान किया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया गोविंदपुरम अनाज मंडी का निरीक्षण, जांची स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, बनाया गर्मी से बचाव का प्लान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने लोकसभा चुनाव की मतगणना के दृष्टिगत गोविंदपुरम स्थित अनाज मंडी का निरीक्षण किया।

**4 जून को गोविंदपुरम अनाज मंडी में होगी लोकसभा चुनाव की मतगणना**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा अधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का हाल जाना। साथ ही ड्यूटी में तैनात सुरक्षाकर्मियों और अर्धसैनिक बलों के जवानों से यहां का हाल भी जाना। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि 4 जून को सुबह 8 बजे से लोकसभा चुनाव की मतगणना शुरू होगी। जिसमें अलग-अलग विधानसभा के लिए कक्ष आवंटित करने के साथ ही प्रत्येक कक्ष में टेबल व्यवस्था से लेकर वहां बिजली, पंखा, पानी और एजेंटों के पास व अन्य व्यवस्थाओं को पूरा कर लिया गया है। शनिवार को निरीक्षण के दौरान अन्य पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही एडीएम सिटी गंभीर सिंह भी मौजूद रहे।



### मतगणना वाले दिन रूट किया जाएगा डाइवर्जन



**करंट क्राइम :** गोविंदपुरम अनाज मंडी में 4 जून को सुबह 8 बजे से लोकसभा चुनाव की मतगणना शुरू होगी। लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए यहां बड़ी संख्या में अलग-अलग पार्टियों और निर्दलीय प्रत्याशियों के एजेंट व पुलिस प्रशासन और मीडिया मौजूद रहेगी। ऐसे में बड़ी संख्या में यहां वाहन पार्किंग भी बनाई जाएगी। कई जगह बैरिकेडिंग लगाई जाएगी। इस वजह से मुख्य हापुड़ रोड पर रूट डाइवर्जन किया जाएगा। साथ ही भारी वाहनों का प्रवेश भी दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे से होगा।

### मतगणना वाले दिन भी सुरक्षा रहेगी ट्रिपल लेयर वाली



**करंट क्राइम :** एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि मतगणना 4 जून को होनी है और 4 जून को गोविंदपुरम अनाज मंडी की सुरक्षा व्यवस्था ट्रिपल लेयर रहेगी। यहां अर्धसैनिक बलों के साथ ही थाना पुलिस और बड़ी संख्या में एसीपी स्तर के अधिकारियों को तैनाती दी जाएगी। साथ ही कई निरीक्षकों और उप निरीक्षकों भी यहां सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेंगे। बड़ी संख्या में पीएसी के जवान और रिजर्व पुलिस बल को भी लगाया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी है कि मतगणना वाले दिन बिना पास के किसी को भी यहां एंट्री नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही बिना किसी जांच के यहां कोई प्रवेश नहीं कर पाएगा।

### गर्मी से बचाव का भी रहेगा प्रबंध

**करंट क्राइम :** जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने निर्वाचन संबंधी जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 4 जून को मतगणना है। 4 जून को गर्मी भीषण रहेगी। ऐसे में पानी की व्यवस्था से लेकर कूलर, छायादार स्थल और गर्मी से बचाव के लिए अन्य बंदोबस्त किए जाएंगे ताकि चुनावी डयूटी संभालने वाले कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी और मीडियाकर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

# दैनिक करंट क्राइम में खबर छपते ही महापौर सुनीता दयाल ने लिया एक्शन


कब भरे जाएंगे शहर की टूटी सड़कों के गड्ढे, नगर निगम के अभियान का कब दिखेगा असर

**करंट क्राइम इम्पैक्ट**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दैनिक करंट टाइम में प्रकाशित खबर कब भरे जाएंगे शहर की टूटी सड़कों के गड्ढे की खबर का नगर निगम ने संज्ञा लिया है। इस मामले में महापौर सुनीता दयाल ने गड्ढा भरने वाले दस्ते को शनिवार को ही खबर में दिए गए स्थान पर भेजा और उन्हें भरवाने का काम शुरू करवा दिया गया है। पुराने बस अड्डे का जो गड्ढा था वह मेनहॉल है इसीलिए इसे नहीं भरवारा गया है। साथ ही एप्पल ट्री और गौर मॉल रोड की टूटी सड़क को लेकर भी जल्दी उसमें सुधार कार्य कराने का उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है। महापौर सुनीता दयाल की नजर जब इसका खबर पर पड़ी तो उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को गड्ढे भरने के निर्देश दिए और कहा कि अन्य जगह पर भी इस तरीके की अव्यवस्था है उसे दूर किया जाए। बता दें शनिवार को ही दैनिक करंट क्राइम में गड्ढे की स्टोरी प्रकाशित की गई थी जिसका महापौर सुनीता दयाल ने खुद संज्ञान लिया है।

## गड्ढा भरने वाली टीम को मौके पर भेजकर ठीक करवाये गड्ढे

### महापौर सुनीता दयाल ने कहा बारिश से पहले पूरा होगा अभियान



**करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि शहर की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए जो अभियान शुरू किया गया है उसे बारिश से पहले पूरा कर लिया जाएगा। उनका मकसद है कि शहर के उन हिस्सों को सबसे पहले गड्ढा मुक्त किया जाए जहां वाहनों का लोड अधिक रहता है और स्थानीय लोग भी अधिक आवागमन करते हैं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रतिदिन अलग-अलग इलाकों में गड्ढा भरने के अभियान की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई जाए। साथ ही जहां पर भी शिकायतें आती हैं उसे हर हाल में एक से दो दिन के अंदर निपटने का काम हो।

### अधिकारियों को दिए थे कार्रवाई के बाद फोटो भेजने के निर्देश

**करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल ने गड्ढा भरो अभियान चल रहे अधिकारियों को निर्देश दिया था कि जहां-जहां पर गड्ढे भरने की कार्रवाई की जा रही है, वहां के फोटो भी उनको उपलब्ध कराए जाएं। शनिवार को दैनिक करंट टाइम की खबर का संज्ञान लेते महापौर सुनीता दयाल के निर्देश पर उन जगहों के गड्ढे ठीक कर दिए गए हैं जो खबर में प्रकाशित किए गए थे।





# तीन तलाक की कुप्रथा फिर से लाना चाहती है कांग्रेस : मुख्यमंत्री योगी



**सलेमपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सलेमपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस अगर सत्ता में आ गई तो तीन तलाक की कुप्रथा फिर से शुरू करा देगी। कांग्रेस का घोषणा पत्र साफ-साफ कहता है कि वह भारत में पर्सनल लॉ को लागू करेगा। इसका मतलब कि देश में शरिया कानून की इजाजत मिल जाएगी। इस तालिबानी कानून के चलते बेटियों को स्कूल जाने से वंचित कर दिया जाएगा और महिलाओं को बुर्के में घर में ही दुबकना पड़ेगा। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया है, जिसके बाद महिलाओं को संसद में उचित हिस्सेदारी प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री योगी ने भगवान परशुराम और महर्षि भृगु की पावन धरा को नमन करते हुए कहा कि पूरे देश में 'फिर एक बार मोदी सरकार' को लेकर उत्साह और उमंग है। चार जून के परिणाम 'अबकी बार 400 पार' के संकल्प को पुख्ता करेंगे। इस 'चार सौ पार' के स्वर को सुनकर सपा और कांग्रेस को चक्कर आने लगता है। वो चारों खाने चित हो जाते हैं। पूरे देश में जनता एक ही स्वर से कह रही है कि जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने बदलते हुए भारत को देखा है। आपका वोट जब कमल चिन्ह पर जाता है तो केंद्र में मोदी जी और राज्य में मुझे ताकत मिलती है। आज भारत का सम्मान बढ़ा है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हुआ है। जब केंद्र में कांग्रेस और राज्य में सपा की सरकार थी तो रोज बम विस्फोट होते थे। देश का कोई कोना नहीं छूटा था, जहां बम विस्फोट नहीं होता था। तब ये लोग सीमापार आतंकवाद का बहाना बनाते थे। वोट बैंक की राजनीति के चक्कर में आतंकवाद से निपटने में कोताही बरती जाती थी। आज तो जोर से पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है।

## हाईकोर्ट से हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंड मलिक को राहत

**नैनीताल।** हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक को नगर निगम की ओर से भेजे 2.68 करोड़ के वसूली नोटिस पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। मामले की सुनवाई वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई। नगर निगम हल्द्वानी की ओर से बनभूलपुरा में 08 फरवरी को हुई हिंसा में नुकसान के बदले में आरोपी मलिक को 2.68 करोड़ का नोटिस भेजा गया था। नोटिस में तीन दिन के अदंर उक्त धनराशि नगर निगम में जमा कराने को कहा गया था। हल्द्वानी तहसीलदार ने आरोपी को 25 अप्रैल 2024 को वसूली नोटिस जारी किया था। आरोपी ने इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता ने कहा कि उन पर लगाए गए आरोप सिद्ध नहीं हुए हैं। वाद न्यायालय में लंबित है। उससे अभी वसूली नहीं की जा सकती।

## ओवैसी के अंदर जिन्ना का जिन्न, वह भारत को 1947 की स्थिति में लाना चाहते हैं : गिरिराज सिंह



**पटना।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी के बिहार दौरे पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने ओवैसी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह इस देश को वापस 1947 की स्थिति में लाना चाहते हैं। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों ने गिरिराज सिंह से ओवैसी के बिहार दौरे पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि ओवैसी नहीं जिन्ना का जिन्न आ गया है। ओवैसी इस देश के ऐसे नेता हैं जो भारत को वापस 1947 की स्थिति में लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ओवैसी के अंदर जिन्ना का जिन्न है। जो ओवैसी राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान में उपस्थित नहीं होते हैं, जिनका भाई ये कहता है कि 15 मिनट में हम हिंदुओं को भारत को साफ कर देंगे, उस ओवैसी का बिहार में विरोध होना चाहिए। असदुद्दीन ओवैसी बिहार दौरे पर आज यानी शनिवार को पटना पहुंचे, वह काराकाट में अपने प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार-प्रसार करेंगे। इस सीट पर ओवैसी ने अति पिछड़ी जाति से आने वाली प्रियंका चौधरी को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा है। इस सीट पर एनडीए से उपेंद्र कुशवाहा, इंडिया गठबंधन से राजाराम सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, भोजपुरी स्टार पवन सिंह निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। बिहार दौरे पर पटना पहुंचने के दौरान ओवैसी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को निशाने पर लिया। 'भाजपा को 400 सीट दें, मुस्लिम आरक्षण को खत्म कर देंगे', अमित शाह के इस बयान पर ओवैसी ने कहा कि वह आरक्षण के साथ-साथ संविधान को भी खत्म कर देंगे, ये सब उनके इरादे हैं।

## न्यूज डायरी

### बादशाहपुर से निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद की हार्ट अटैक से मौत



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के बादशाहपुर विधानसभा से निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद का निधन हो गया है। शनिवार को सुबह करीब 10 बजे उन्हें हार्ट अटैक आया था। हार्ट अटैक आने के बाद राकेश दौलताबाद को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। 45 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस लीं। बता दें कि साल 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने बादशाहपुर विधानसभा सीट से जीत दर्ज की थी। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने भाजपा को अपना समर्थन दे दिया था। हरियाणा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ओपी धनखड़ ने उनके निधन पर दुख जताया है। उन्होंने अपने एक्स पर लिखा, बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद का हृदयाघात से आकस्मिक निधन का दुखद समाचार मिला, स्तब्ध हूं। भावपूर्ण श्रद्धांजलि, परमपुरुष उन्हें अपने चरणों में स्थान दें और परिजनों को उनके अभाव को सहन करने का सामर्थ्य प्रदान करे। राकेश दौलताबाद के निधन पर हरियाणा के पूर्व मंत्री और विधायक गोपाल कांडा ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट कर लिखा, ₹बादशाहपुर से विधायक और सदन में मेरे साथी श्री राकेश दौलताबाद जी के आकस्मिक निधन से स्तब्ध हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति दें।

### केजरीवाल के समर्थन में उतरे फवाद चौधरी, सीएम से मिला जवाब -'पाकिस्तान के हालात बहुत खराब, आप अपना देश संभालिए'

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के समर्थन में पाकिस्तान की इमरान खान सरकार में मंत्री रहे फवाद चौधरी उतरे तो उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए केजरीवाल ने ऐसा जवाब दिया, जिसकी कल्पना भी फवाद चौधरी ने नहीं की होगी। केजरीवाल ने सीधे तौर पर फवाद चौधरी को बता दिया कि पाकिस्तान आतंकवाद का सबसे बड़ा प्रायोजक है और इसके साथ ही लिखा, ''पाकिस्तान के हालात बहुत खराब, आप अपना देश संभालिए।'' लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली की सभी सातों सीट पर शनिवार को वोट डाले जा रहे हैं। सीएम केजरीवाल अपने पूरे परिवार के साथ सिविल लाइंस में बने मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, ''मैंने अपने पिता, पत्नी और बच्चों के साथ आज वोट डाला। मेरी माता जी की तबियत बहुत खराब है। वो नहीं जा पाईं। मैंने तानाशाही, बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ वोट डाला। आप भी वोट डालने जरूर जाएं।'' अरविंद केजरीवाल के इस पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए फवाद चौधरी ने अपनी प्रतिक्रिया दी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता और पाकिस्तान की इमरान खान सरकार में मंत्री रहे फवाद चौधरी ने अरविंद केजरीवाल के पोस्ट पर लिखा, ''शांति और सद्भावना ही नफरत और उग्रवाद की ताकतों को परास्त करेगी।'' फवाद चौधरी के इस पोस्ट पर दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने उन्हें नसीहत देते हुए लिखा, ''चौधरी साहिब, मैं और मेरे देश के लोग अपने मसलों को संभालने में पूरी तरह सक्षम हैं। आपके पोस्ट की जरूरत नहीं है। इस वक्त पाकिस्तान के हालात बहुत खराब हैं। आप अपने देश को संभालिए।'' दूसरे पोस्ट में केजरीवाल ने लिखा, ''भारत में हो रहा चुनाव हमारा आंतरिक मामला है। आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों का हस्तक्षेप भारत बर्दाश्त नहीं करेगा।'' बता दें कि इससे पहले पीटीआई प्रमुख इमरान खान के करीबी और पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का समर्थन करते हुए एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें राहुल गांधी अयोध्या में हुए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जिक्र कर प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर निशाना साध रहे थे। फवाद चौधरी ने इस वीडियो को एक्स हैंडल पर रिपोस्ट करते हुए लिखा था, ''राहुल ऑन फायर।''

### बंगाल में भीषण चक्रवात को लेकर एनडीआरएफ की टीमें तैनात, सेना और नौसेना अलर्ट पर

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को अलर्ट जारी करते हुए कहा कि बंगाल में भीषण चक्रवात तूफान आने की आशंका है। इस तूफान के कारण 110-120 किमी प्रति घंटे से लेकर 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इसके रविवार आधी रात (26 मई) को पश्चिम बंगाल तट से टकराने की 'बहुत संभावना' है। आईएमडी ने चक्रवात के मद्देनजर पश्चिम बंगाल, ओडिशा और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए बहुत भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है। आईएमडी ने अलर्ट जारी करते हुए कहा, ''पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी पर बना दबाव पिछले 6 घंटों के दौरान 15 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ गया है। यह एक गहरे दबाव में बदल गया है। यह सुबह 5 :30 बजे सागर द्वीप समूह (पश्चिम बंगाल) से लगभग 380 किमी दक्षिण-पूर्व में और कैनिंग (पश्चिम बंगाल) से 530 किमी दक्षिण-दक्षिण पूर्व में केंद्रित हो गया।'' आईएमडी की रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल के उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों में फूस के घरों, फसलों, पेड़ों के उखड़ने और निचले इलाकों में बाढ़ से बड़े नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं इस गंभीर चक्रवात के खतरे से बिजली और संचार लाइनों को भारी नुकसान हो सकता है। इस बीच चक्रवात की तैयारियों की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति की शुक्रवार को कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में बैठक हुई। कैबिनेट सचिव ने पश्चिम बंगाल सरकार को आश्वासन देते हुए कहा कि इस स्थिति से निपटने के लिए सभी केंद्रीय एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट पर हैं और सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगी। इसके चलते राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने 12 टीमों को तैनात किया है, वहीं पांच अतिरिक्त टीमों को स्टैंडबाय पर रखा गया है। जहाजों और विमानों के साथ सेना, नौसेना और तटरक्षक बल की बचाव और राहत टीमों को तैयार रखा गया है। शिपिंग महानिदेशक द्वारा कोलकाता और पारादीप के बंदरगाहों पर नियमित अलर्ट के साथ सलाह जारी की जा रही है। वहीं विद्युत मंत्रालय द्वारा तत्काल बिजली बहाली के लिए आपातकालीन टीमों को तैनात किया गया है। कैबिनेट सचिव ने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा सभी आवश्यक निवारक और एहतियाती कदम उठाए जाएं। इसका उद्देश्य जीवन की हानि को शून्य रखना और बिजली और दूरसंचार जैसे संपत्ति और बुनियादी ढांचे को नुकसान को कम करना होना चाहिए। साथ ही नुकसान के मामले में आवश्यक सेवाओं को कम से कम समय में बहाल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि समुद्र में मछुआरों को वापस बुलाया जाए और संवेदनशील इलाकों से लोगों को समय पर निकाला जाए।

## वोट डालने के बाद नवीन पटनायक ने कहा, फिर से स्थिर सरकार बनाएंगे



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को दावा किया कि बीजू जनता दल (बीजद) राज्य में फिर से स्थिर सरकार बनाएगी। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक (77) अपने आवास से पैदल ही एरोड्रम कॉलोनी स्थित स्कूल पर पर पहुंचे जहां मतदान केंद्र हैं और अपना वोट डाला। इसके बाद सीएम ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि बीजू जनता दल विधानसभा और संसदीय दोनों चुनावों में विजयी होगी। हम लोगों और भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से राज्य में फिर से एक स्थिर सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा, मैं सभी मतदाताओं, विशेषकर युवा वोटरों से अपील करता हूं कि वे बाहर आएं और अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। ओडिशा में छह लोकसभा सीटों संबलपुर, क्योंझर, ढेंकनाल, कटक, पुरी और भुवनेश्वर और इन्हीं निर्वाचन क्षेत्रों के 42 विधानसभा क्षेत्रों के 10,551 मतदान केंद्रों पर वोटिंग हो रही है। छह लोकसभा सीटों के लिए कुल 64 उम्मीदवार मैदान में हैं। जबकि 42 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 383 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता अपराजिता सारंगी, भर्तृहरि महताब और पूर्व कॉरपोरेट प्रमुख संतृप्त मिश्रा समेत कई हाई-प्रोफाइल नेता चुनावी मैदान में हैं।

## चारधाम यात्रा : 14 दिन में बना नया रिकॉर्ड, 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



**देहरादून।** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा की शुरूआत 10 मई से हुई और हर दिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि यात्रा शुरू होने के 14 दिनों के भीतर ही 24 मई तक 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए हैं। अभी तक चारधाम यात्रा के लिए 31 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। साथ ही 24 मई तक 10 लाख श्रद्धालु धाम में दर्शन कर चुके हैं। 24 मई तक रिकॉर्ड 10 लाख 30 हजार 621 श्रद्धालु चारों धामों में दर्शन कर चुके हैं। धामों में दर्शनों के लिए लगातार आती श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश पर 31 मई तक ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन को बंद कर दिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि 31 मई के बाद चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो सकता है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी श्रद्धालु पिछले 7-8 दिनों से हरिद्वार या ऋषिकेश में चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के काउंटर के खुलने का इंतजार कर रहे हैं, लगभग 1,000 श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए रवाना किया जाए। उनके आदेश के बाद श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए रवाना भी किया जा रहा है। इसके साथ ही व्यवस्था को दुरुस्त रखने के भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, ताकि यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत नहीं हो। अगर चारधाम यात्रा की बात करें तो यमुनोत्री धाम में 1,86,744, गंगोत्री धाम में 1,76,793, केदारनाथ धाम में 4,47,056 और बद्रीनाथ धाम में 2,20,028 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। सबसे ज्यादा केदारनाथ में 4 लाख 47 हजार 56 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए हैं। इन 14 दिनों में श्रद्धालुओं की मौत के आंकड़ों में भी वृद्धि हुई है। बताया गया है कि 14 दिनों में 52 श्रद्धालुओं की हार्टअटैक से मौत हुई है।

## दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने मतदान में गड़बड़ी के लगाए आरोप



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) नेता आतिशी ने मतदान केंद्रों पर गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए कुछ स्कूलों के नाम लेते हुए कहा कि फॉर्म 17सी पर सुबह ही पोलिंग एजेंट से हस्ताक्षर करवाने की बात सामने आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कई मतदान केंद्रों पर चुनाव अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि कोई भी डाटा नोट नहीं कर सकते हैं। आतिशी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया, दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों से आ रही चिंताजनक खबरें। जनकपुरी के कैप्टन अनुज नैय्यर स्कूल में पीठासीन अधिकारी ने सुबह ही पोलिंग एजेंटों से फॉर्म 17(सी) पर हस्ताक्षर कराने की कोशिश की। गवर्नमेंट स्कूल नंबर 3 कालकाजी में अभी एक चुनाव अधिकारी ने आकर निर्देश दिए हैं कि पोलिंग एजेंट कोई भी डेटा नोट नहीं कर सकते। क्या ईसीआईस्वीप द्वारा वोटिंग संख्या में हेरफेर करने की योजना है? गौरतलब है कि शुक्रवार को भी आप नेता आतिशी ने दिल्ली के एलजी पर दिल्ली पुलिस के दुरुपयोग को लेकर आरोप लगाया था। उन्होंने पोस्ट कर कहा था, ऐसी जानकारी मिली है कि आज एलजी ने दिल्ली पुलिस को आदेश दिए हैं कि जहां इंडिया गठबंधन के वोटर भारी संख्या में हैं, वहां पर वोटिंग धीरे करवानी है ताकि लोगों को वोट डालने में दिक्कत हो। प्रशासन द्वारा भाजपा को जिताने का ऐसा कोई भी प्रयास गैर-कानूनी, गैर-लोकतांत्रिक और गैर-संवैधानिक है और मैं उम्मीद करती हूं कि चुनाव आयोग इसका संज्ञान लेगा, और ऐसे किसी भी प्रयास पर रोक लगाएगा। आतिशी के इस स्टेटमेंट के बाद एलजी की तरफ से भी पलटवार किया गया और शुक्रवार की देर रात इसके जवाब में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने भी एक पोस्ट डाला था। दूसरी ओर दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीन शंकर कपूर ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी का एक कार्यकर्ता मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन लेकर गया है और उसने मतदान का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। फिलहाल, दिल्ली में लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर दोनों पार्टियों की तरफ से आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। लेकिन, दिल्ली में लोकसभा चुनाव को लेकर अभी तक आधिकारिक तौर पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की कोई भी रिपोर्ट सामने नहीं आई है।

## ना कांपे हाथ...ना दहला कलेजा, पत्नी ही निकली मास्टरमाइंड, पति को मौत के घाट उतारा



**ऊधम सिंह नगर।** बाजपुर में पति के संग सात फेरे लेने वाली पत्नी का उस समय न कलेजा दहला और न हाथ कांपे। जब उसने लोहे के तवे से हमला कर पति की बेरहमी से हत्या की। पुलिस ने शुक्रवार को हत्यारोपी पत्नी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बुधवार देर रात मोहल्ला सुभाषनगर निवासी चंद्रप्रकाश और उसकी पत्नी कंचन के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि नाराज पत्नी ने लोहे का तवा और लकड़ी की फंटी से पति पर प्रहार कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बताते हैं कि घटना के बाद आरोपित महिला उसी कमरे में रातभर रही। बृहस्पतिवार सुबह छह बजे आरोपित महिला ने अपने ससुर शंकर को खुद बताया कि उसके पति को कुछ हो गया। परिवार के लोगों ने कमरे में जाकर देखा तो चंद्रप्रकाश को मृत पाया। उसकी नाक और सिर से खून बह रहा था। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया।सीओ अन्न राम आर्य ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मृतक के पिता शंकर ने बहू के किसी युवक के साथ प्रेम प्रसंग होने का आरोप भी लगाया है। वही मृतक चंद्रप्रकाश नशे का आदि भी बताया जा रहा है। पुलिस हर पहलू पर जांच पड़ताल कर रही है। इधर मृतक चंद्रप्रकाश की पांच साल की बेटी और दो साल के बेटे की परवरिश को लेकर लोगों तरह तरह की चचाएं हैं।

## कर्नाटक में पुलिस हिरासत में शख्स की मौत के बाद थाने पर हमला, 11 पुलिसकर्मी जख्मी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के चन्नागिरी में कथित तौर पर शख्स की पुलिस हिरासत में मौत के बाद भीड़ ने थाने पर पथराव कर दिया। जिसके बाद तनाव पैदा हो गया। गुस्साई भीड़ ने थाने में तोड़फोड़ भी की। चन्नागिरी में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पड़ोसी जिलों से अतिरिक्त बल को बुलाया गया है। अधिकारियों को क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं। घटना शुक्रवार देर रात आदिल (30) की मौत के बाद हुई। कथित तौर पर पुलिस हिरासत में आदिल की मौत के बाद भीड़ ने थाने पर पथराव किया, जिसमें 11 पुलिसकर्मी घायल हो गए और पांच से ज्यादा पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। पुलिस ने आदिल को अवैध सट्टेबाजी गतिविधियों में उसकी कथित संलिप्तता के आरोप में हिरासत में लिया था। दावणगेरे की पुलिस अधीक्षक उमा प्रशांत ने शनिवार को बताया, आदिल को शुक्रवार को थाने लाया गया। वह थाने में बेहोश हो गया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया। फिर पुलिस को पता चला कि उसकी मौत हो गई। आदिल छह से सात मिनट से ज्यादा देर तक थाने में नहीं रहा था। हालांकि, उसके परिवार के सदस्य दावा कर रहे हैं कि यह लॉकअप में हुई मौत का मामला है। पुलिस अधीक्षक ने आगे कहा कि थाने में सीसीटीवी कैमरा लगा है। मृतक के पिता की शिकायत की जांच की जाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पोस्टमार्टम जज की निगरानी में कराया जाएगा। एसपी प्रशांत ने कहा, मृतक के पिता की शिकायत समेत घटना के संबंध में कुल चार केस दर्ज किए गए हैं। स्थिति कंट्रोल में है। पुलिस के अनुसार, टीपू नगर निवासी आदिल को शुक्रवार को थाने लाया गया था। थाने में ही उसकी हालत बिगड़ गई। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बाद में उसकी मौत हो गई। पता चला कि उसे दौरे और लो ब्लड प्रेशर की समस्या थी। इससे गुस्साए आदिल के परिवार और समुदाय के लोगों ने थाने और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। भीड़ ने पांच से अधिक पुलिस वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने इस घटना पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरकार इस तरह से काम कर रही है कि राज्य में कोई माहौल नहीं है, जहां सरकार और अधिकारियों का सम्मान किया जाता हो। सरकार अधिकारियों का दुरुपयोग कर रही है। राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। यह सरकार का सेल्फ गोल है। अधिकारियों को खुद सरकार पर भरोसा नहीं है। लोगों को भी सरकार पर भरोसा नहीं है।

## मतदान के बाद स्वाति मालीवाल ने महिलाओं से की वोट करने की अपील



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के पांच चरण के मतदान संपन्न हो चुके हैं। शनिवार को छठे चरण का मतदान हो रहा है। लोग अपने घरों से निकलकर वोट करने मतदान केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। इस बीच, दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल भी मतदान करने पहुंचीं।

मतदान के बाद उन्होंने महिलाओं पर बड़ा बयान दिया। स्वाति ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, मैं सभी लोगों से खासकर महिलाओं से अपील करती हूं कि वो अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्रों पर वोट करने पहुंचें। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका अहम है। बता दें कि सुबह सात बजे से ही दिल्ली की सभी सातों सीटों पर मतदान जारी है। मतदान केंद्रों पर लगी लंबी कतारें यह बयां करने के लिए पर्याप्त हैं कि सभी मतदाता अपने लोकतांत्रिक कर्तव्यों को लेकर जागरूक हैं। दिल्ली के 1.52 करोड़ मतदाता सातों उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करने जा रहे हैं। दिल्ली में आप और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ रही है।


वहीं इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी ने जहां चार सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, वहीं कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है। गठबंधन के तहत नई दिल्ली, दक्षिण दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली सीट पर आप के प्रत्याशी तो चांदनी चौक, उत्तर प्रश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान में हैं। ऐसी स्थिति में दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर मुकाबला दिलचस्प है। कहीं कहीं तो कांटे का मुकाबला है। स्वाति मालीवाल ने बीते दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार पर मारपीट के आरोप लगाए थे। हालांकि, बिभव ने अपने ऊपर लगे इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। बिभव ने इस संबंध में दिल्ली पुलिस को किए दो मेल में अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को बेबुनियादी बताया था। बिभव कुमार सीएम केजरीवाल के करीबी हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए बीते दिनों स्वाति ने अपने सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर केजरीवाल का नाम लिए बगैर उन पर निशाना भी साधा था।

## मैंने तानाशाही, बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ वोट डाला : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को मतदान करने पहुंचे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना था कि वह तानाशाही, बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ वोट डाल रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता, बच्चों और पिता के साथ शनिवार दोपहर मतदान करने पहुंचे। हालांकि, स्वास्थ्य खराब होने के कारण मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मां मतदान केंद्र नहीं आ सकीं। मतदान के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, ₹मैंने अपने पिता, पत्नी और बच्चों के साथ वोट डाला। मेरी माता जी की तबियत बहुत खराब है। वो नहीं आ पाईं। मैंने तानाशाही, बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ वोट डाला है। आप भी वोट डालने जरूर जाएं। उन्होंने कहा, ₹मैं लोगों से अपील करता हूं कि वो भी भारी संख्या में आकर तानाशाही, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ वोट जरूर डालें। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भारत के संविधान को मजबूत करने के लिए मतदान करें। उन्होंने कहा कि देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए और तानाशाही के अंत के लिए वोट करने आएं। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा के इन चुनावों में इंडिया गठबंधन को 300 से ज्यादा सीटें मिलेंगी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। रविवार 26 मई -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम | ट्वीट का करंट







## दिवस बीते चार, पार्षद एकता दिखाई दी लाचार

# ना की पुलिस कमिश्नर ने मुलाकात, ना निकल सका विवाद का समाधान

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय पहुंचे आक्रोशित पार्षद

### वहां से भी मिला दोनों पक्षों से बातचीत का ही आश्वासन

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पार्षद सुधीर की गिरफ्तारी का मामला हल नहीं हो रहा है। पार्षदों के आक्रामक तेवर और पुलिस कमिश्नर से मुलाकात के सिलसिले का शनिवार को चौथा दिन था लेकिन ना मुलाकाल हुई और ना कोई हल निकला। वहीं गुस्साए पार्षद शनिवार को फिर एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना के कार्यालय पहुंचे। वहां काफी देर तक बातचीत हुई लेकिन जब कुछ हल नहीं निकला तो पार्षद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के वसुंधरा स्थित कार्यालय पर पहुंचे और वहां पार्षदों ने इस पूरे मामले पर अपना पक्ष रखा है।

उधर सूत्र बता रहे हैं कि विधायक सुनील शर्मा ने स्पष्ट किया है कि मैं जनप्रतिनिधि के साथ हूं। आज पार्षदों से मेरी मुलाकात हुई है। मैंने उनका पक्ष सुना है, अब दूसरे पक्ष से भी इस मामले में मुलाकात कर बातचीत की जाएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई तय करेंगे। उधर जिस तरीके से स्थानीय पार्षद गिरफ्तार सुधीर की गिरफ्तारी को लेकर आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहे हैं, उसे देखकर लग रहा है कि सोमवार को फिर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सड़कों पर पुलिस और पार्षद आमने-सामने आएंगे।





### जब मंत्री सुनील शर्मा ने लिया महापौर के सम्मान का पक्ष, कहा पुलिस का व्यवहार नहीं था ठीक

करंट क्राइम : सूत्र बता रहे हैं कि शनिवार को बड़ी संख्या में नगर निगम के पार्षद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के वसुंधरा स्थित कार्यालय पहुंचे। यहां पर पार्षदों ने पुलिस द्वारा चार दिनों के रवैया को विस्तार पूर्ण तरीके से रखा। उधर जानकारी यह मिली है कि विधायक सुनील शर्मा ने पुलिस कमिश्नर द्वारा महापौर सुनीता दयाल के साथ जो बातचीत हुई थी, उस रवैया को ठीक नहीं बताया है। उन्होंने कहा है कि वह इस मामले में लखनऊ के अधिकारियों और संगठन के लोगों को जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

### पार्षद गौरव सोलंकी ने प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री से शिकायत का भेजा था संदेश



करंट क्राइम : नगर निगम के पार्षद सुधीर की गिरफ्तारी का मामला लगातार तूल पड़ रहा है। शनिवार को बड़ी संख्या में पार्षद एडिशनल सीपी ऑफिस पहुंचे थे। हालांकि वह कमिश्नर से शनिवार को भी मुलाकात नहीं कर पाए। इस दौरान पार्षद गौरव सोलंकी ने पार्षदों की एकता दशार्ते हुए अलग-अलग ग्रुप और पार्षदों को एक संदेश भेजा था जिसमें उन्होंने सभी पार्षदों से अपील की थी कि पूरे मामले में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर पूरे प्रकरण को वहां रखा जाए।



### पुलिस ऑफिस में तैनात की गई थी भारी संख्या में फोर्स

करंट क्राइम : शनिवार को जैसे ही पुलिस के आलाधिकारियों को जानकारी मिली कि नगर निगम से बड़ी संख्या में निगम के पार्षद पुलिस ऑफिस में एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना के कार्यालय पहुंच रहे हैं। यह सूचना मिलते ही कवि नगर एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक, सिहानी गेट प्रभारी रविंद्र, एसीपी नंदग्राम रवि सिंह सहित पुलिस के कई निरीक्षक, उपनिरीक्षक और बड़ी संख्या में पुलिस बल को पुलिस ऑफिस पर तैनात किया गया था ताकि यहां पार्षद किसी प्रकार का हंगामा या धरने प्रदर्शन की स्थिति को अंजाम न दे पाए। हालांकि पार्षद यहां बातचीत के मकसद से आए थे और आईपीएस कल्पना सक्सेना से मुलाकात कर वो यहां से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की आवास के लिए निकल गए थे।





### प्रदीप चौहान ने दी चक्का जाम और सफाई व्यवस्था बंद करने की चेतावनी



करंट क्राइम : पार्षद सुधीर की गिरफ्तारी और उन पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का मामला इन दिनों गाजियाबाद में हॉट न्यूज बना हुआ है। शनिवार को एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना से बातचीत होने के बावजूद भी पार्षदों को समझ नहीं आ रहा कि इस पूरे मामले में अब क्या होगा। उधर पार्षद मांग कर रहे हैं कि सुधीर की पत्नी स्वाति की तहरीर की आधार पर पुलिस मुकदमा नहीं लिख रही है। जिस वजह से पार्षदों ने आलाधिकारियों का रुख है वह बता रहा है कि इस मामले में क्रॉस एफआईआर नहीं होगी। उधर प्रदीप चौहान और विनीत ने चेतावनी दी है कि अगर सोमवार तक इस पूरे मामले का हल नहीं होता है, तो शहर में चक्का जाम और कूड़ा उठाने की व्यवस्था को बंद किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों की होगी।

### यह पार्षद रहे मौजूद

करंट क्राइम : शनिवार को पुलिस ऑफिस में एडिशनल सीपी से मिलने के लिए जो पार्षद पहुंचे थे उसमें मुख्य रूप से वीरेंद्र त्यागी, शीतल चौधरी, पूनम सिंह, यशपाल पहलवान, पार्षद पति मनोज गोयल, आशीष चौधरी, पार्षद उदित मोहन गर्ग, मनोज त्यागी, अमित त्यागी, विनीत, प्रवीण चौधरी, नीरज गोयल, डॉ अनिल तोमर, धीरज गोयल, धीरेंद्र यादव उर्फ बिल्लू, हरीश काराकोटी, रवि भाटी, अनुज चौधरी, हिमांशु शर्मा के साथ ही उधर विधायक सुनील शर्मा के आवास पर पहुंचने वाले पार्षदों में रामनिवास बंसल, भूपेंद्र उपाध्याय, राजकुमार भाटी, शाशि खेमका, नरेश भाटी, गौरव सोलंकी, मनोज गोयल, रवि भाटी, आशीष चौधरी पार्षद पति, अमित त्यागी ,अजीत निगम सहित अन्य पार्षद उपस्थित रहे।

## महंत की तलाश में पुलिस ने हरिद्वार, मुजफ्फरनगर व अन्य स्थानों पर दी दबिश

**फरार चल रहे महंत की तलाश में पुलिस की दो टीमों को लगाया गया है**

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** गंगनहर शनि मंदिर घाट परिसर में महिला चेंजिंग रूम के ऊपर लगे सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने के मामले में फरार चल रहे महंत की तलाश में पुलिस की दो टीमों को लगाया गया है। पुलिस की टीम हरिद्वार ,मुजफ्फरनगर व अन्य स्थानों पर ताबड़तोड़ दबिश दे रही है। पुलिस का दावा है कि महंत की गिरफ्तारी के बाद ही कई राज सामने आएंगे। गंगनहर घाट पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। बता दें कि गत 21 मई को एक गांव निवासी महिला अपनी 14 साल की पुत्री के साथ गंगनहर में स्नान करने के लिए आई थी। स्नान के बाद जब वह चेंजिंग रूम में कपड़े बदल रही थी तो उसे सीसीटीवी कैमरा दिखाई दिया। इसके बाद महिला ने जमकर हंगामा किया। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी। पुलिस ने सबसे पहले महंत का मोबाइल जब्त कर लिया। पुलिस ने जांच के बाद महंत मुकेश गोस्वामी के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही महंत फरार हो गया है। पुलिस ने महंत के पुत्र व अन्य परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। महंत की तलाश के लिए एसीपी नरेश कुमार ने पुलिस की दो टीमों का गठन किया है। पुलिस की टीम महंत की तलाश के लिए हरिद्वार ,मुजफ्फरनगर ,गाजियाबाद ,बागपत व अन्य स्थानों पर दबिश दे रही है। एसीपी मसूरी सर्किल नरेश कुमार ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की दो टीम दबिश दे रही हैं, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मुठभेड़ के बाद हत्यारोपी गिरफ्तार क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने किया खुलासा

● जल प्लांट अंडरपास पर हुई पुलिस की मुठभेड़



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार तड़के क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से जख्मी हो गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूछताछ में आरोपी ने एक युवक की हत्या करने की बात कुबूली है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव ने प्रेसवार्ता में बताया है कि वेव सिटी सर्किल की एसीपी पूनम मिश्रा शनिवार सुबह क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने के इंस्पेक्टर रवि बलियान पुलिस फोर्स के साथ जल प्लांट अंडरपास पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान तिगरी गोल चक्कर से एक एक्टिवा पर संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। उसको रोकने का इशारा किया तो वो तिगरी कट की तरफ भागने लगा।

### फरीदाबाद का रहने वाला है आरोपी

करंट क्राइम : पुलिस ने बताया है चेकिंग के दौरान अनियंत्रित होकर स्कूटी कच्चे रास्ते पर फिसल गई और बदमाश फायरिंग करने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जो एक बदमाश को जा लगी। पकड़े गए बदमाश की पहचान गुरमीत सागर निवासी ओल्ड फरीदाबाद के रूप में हुई। उससे एक तमंचा, कारतूस, 3400 रुपए बरामद हुए। घायल को पास के फ्लोरेंस अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूछताछ में गुरमीत ने 17 मई को क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के अकबरपुर बहरामपुर में 55 साल के श्यामदत्त की हत्या करना कुबूला है। गुरमीत के अनुसार, वो मकान देखने के बहाने आया और श्यामदत्त की हत्या करके उससे रुपए लूटकर ले गया था।

## एडमिनिस्ट्रेट जज राजेश सिंह चौहान ने किया गाजियाबाद कोर्ट का निरीक्षण

● दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर, अधिवक्ताओं ने पुष्प भेंट कर किया स्वागत







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एडमिनिस्ट्रेट जज राजेश सिंह चौहान ने शनिवार को गाजियाबाद कोर्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण पूर्व श्री चौहान को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अधिवक्ताओं ने उन्हें पुष्प भेंट कर स्वागत किया। एडमिनिस्ट्रेट जज राजेश सिंह चौहान ने सभी अधिवक्ताओं से परिचय प्राप्त किया। कोर्ट सभागार में अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना। पुरुष व महिला अधिवक्ताओं ने अपनी-अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। श्री चौहान ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का उन्हें आश्वासन दिया। कोर्ट परिसर में पुरुष व महिला टॉयलेट की समुचित व्यवस्था करने एवं साफ-सफाई व शुद्ध पेयजल का इंतजाम करने की बात रखी गई। इस मौके पर जिला जज, गाजियाबाद बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व अन्य जज मौजूद रहे।



# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने तीन महीने में 8756 समस्याओं का कराया निस्तारण

### अब तक शहर को सुरक्षित करने के लिए 700 कैमरे लग चुके हैं इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम में

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की वर्किंग अलग है। वह शहर को इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का तोहफा दे चुके हैं। तो वहीं गाजियाबाद 311 ऐप के जरिए भी वे शहर की समस्याओं और परेशानियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। शनिवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का निरीक्षण भी किया गया। जिसमें उपस्थित टीम को वर्क एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए उन्होंने निर्देशित किया है। मौके पर आईटी टीम, बिल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम की टीम, गाजियाबाद 311 ऐप की टीम, कैमरा इंटीग्रेशन की टीम से वातार्लाप की।



इसके बाद गाजियाबाद नगर निगम शहर हित को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कर्मचारियों को कहा कि वह अपना बेस्ट परफॉर्मेंस दें और शहर को सुंदर बनाने में योगदान बनाए रखें। वहीं जानकारी यह है कि गाजियाबाद 311 ऐप के जरिए नगर आयुक्त और उनके अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने बेहतर काम करते हुए लगभग 8756 समस्याओं का निस्तारण किया है।

### 70% समस्याओं को सुलझाने का नगर आयुक्त ने किया दावा

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद 311 ऐप के विस्तार की जानकारी देते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिसमें बताया गया है कि 70% से अधिक यानी तीन माह के दौरान जो शिकायत और समस्याएं आई हैं उनका समाधान कराया गया है। मार्च 2024 से लेकर अब तक 11590 समस्याएं नगर निगम को गाजियाबाद 311 ऐप के माध्यम से प्राप्त हुई हैं। जिसमें 8756 समस्याओं पर कार्रवाई करते हुए अलग-अलग शिकायतों का निस्तारण किया गया है और लोगों को राहत पहुंचाने का इस प्रक्रिया के द्वारा काम किया गया।

### शहर बनेगा सुरक्षित और स्वच्छ

**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक का कहना है कि शहर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। जिसके लिए ऐप 311 गाजियाबाद के माध्यम से प्रतिदिन दर्जनों समस्याओं का निस्तारण होता है। वहीं कैमरा इंटीग्रेशन के जरिए शहर को सुरक्षित बनाने के लिए अब तक लगभग 700 कैमरे इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम से जोड़े जा चुके हैं। वहीं शहर वासियों की सुरक्षा की दृष्टि से कैमरा को अलग-अलग स्थानों पर फ्रेम किया गया है ताकि तमाम तरह की सूचनाओं और जानकारी निगम के अधिकारियों को एक स्थान यानी कंट्रोल रूम में बैठे हुए मिल सके। उधर नगर आयुक्त आईएएस विक्रामादित्य मलिक का कहना है कि शहर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए नगर निगम के कर्मचारियों के साथ ही आमजन का सहयोग भी बेहद आवश्यक है।

## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन सेहत के लिए बड़ा खतरा

कहते हैं कि निरोगी काया सुखी जीवन, और काया तभी निरोगी रह सकती है जब हमारी संतुलित जीवनचर्या हो। हमारे जीवन में बहुत सारी बीमारियां स्वच्छता संबंधी आदतें न अपनाने और जीवाणु-रोधी उपायों पर गंभीरता से ध्यान न दे पाने की वजह से पैदा हो रही हैं। एक अध्ययन के अनुसार अगर ठीक से संक्रमण रोकने संबंधी उपाय किए जाएं तो निम्न-मध्यम आय वाले देशों में करीब साढ़े सात लाख जान बचाई जा सकती हैं।

इन उपायों में हाथों की सफाई, अस्पतालों और स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में नियमित रूप से साफ-सफाई, उपकरणों का रोगाणुनाशन, पीने के लिए स्वच्छ जल मुहैया कराना, सही तरीके से साफ-सफाई रखना और बच्चों को सही समय पर टीके लगवाना शामिल है। अनुसंधानकर्ताओं के अंतरराष्ट्रीय दल ने अनुमान लगाया कि हर वर्ष दुनियाभर में होने वाली हर आठ मौत में से एक का कारण जीवाणु संक्रमण होता है। अनुसंधानकताओं ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध की स्थिति से प्रभावी तौर पर निपटने के लिए लोगों की एंटीबायोटिक तक आसान पहुंच मुहैया कराने का आह्वान किया है। अगर ऐसा न किया गया तो बच्चों को बचाने और उन्हें लंबे समय तक स्वस्थ रखने के संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने में मुश्किलें बनी रहेंगी। गर्भवती महिलाओं और बच्चों को नियमित टीके लगवाकर करीब 1.82 लाख लोगों की जान बचाई जा सकती है। यह कोई कठिन काम नहीं है, मगर अफसोस कि एक बड़ी आबादी इन सुविधाओं से वंचित है। जिस तरह जलवायु परिवर्तन के खतरे बढ़ रहे हैं, उनका सबसे अधिक असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। नए-नए किस्म के जीवाणु पैदा हो रहे हैं और अगर समय रहते उन पर काबू न पाया जाए, तो वे जानलेवा साबित होते हैं। हालांकि अनेक संक्रामक रोगों पर काबू पाने के मकसद से गर्भवती महिलाओं और बच्चे के पैदा होने के बाद से ही टीके लगाए जाने शुरू हो जाते हैं मगर इसमें भी बहुत सारे लोग अनजाने में या स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच न हो पाने के कारण लापरवाही बरतते देखे जाते हैं। पोलियो इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसमें वर्षों से पोलियो की खुराक दी जाने के बावजूद देश अभी तक पूरी तरह पोलियोमुक्त नहीं हो पाया है। मलेरिया, हेपेटाइटिस, जापानी बुखार जैसी बीमारियां जब-तब सिर उठा लेती हैं और जानलेवा साबित होती हैं। इस सच्चाई से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि हमारे देश की एक बड़ी आबादी प्रदूषित वातावरण में रहने और काम करने को मजबूर है। एक बड़ी आबादी आज भी पीने के साफ पानी से महरूम है। ऐसे में संक्रामक बीमारियों पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। दूसरी बड़ी समस्या तमाम दावों और वादों के बावजूद सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को संतोषजनक न बनाया जा सकना है। इसलिए एंटीबायोटिक दवाओं की उपलब्धता सभी तक संभव नहीं हो पाती।

महानगरों में फिर भी कुछ बेहतर स्थिति देखी जा सकती है, पर ग्रामीण इलाकों के बहुत सारे लोग स्वच्छता उपायों के मामले में वंचित ही देखे जाते हैं। बड़ी आबादी को पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं है, इसलिए नहाने-धोने, साफ-सफाई के मामले में लापरवाह देखे जाते हैं। उन इलाकों में जब संक्रामक रोग फैलते हैं, तो संभालना मुश्किल हो जाता है। यह अकारण नहीं है कि संक्रामक रोगों से ज्यादातर शिशु मृत्यु ऐसे ही इलाकों में होती है, जहां स्वच्छता की कमी है।

# पर्यटन के क्षेत्र में आमदनी बढ़ाने की तैयारी कर रही सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार एक विशेष पर्यटन क्षेत्र के जरिए कई नई जगहों को पर्यटन हब बनाने पर ध्यान दे रही है। सर क्रीक, कोरी क्रीक के साथ गुजरात पर्यटन धोलावीरा, शिवराजपुर को विशेष पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करेगी। पिछले कुछ सालों में देश में पर्यटन क्षेत्र में काफी बदलाव आया है। इसी साल जनवरी महीने की शुरूआत में लक्षद्वीप को मालदीव से बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर विवाद उठा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उस दौरान उत्तर अरब सागर में स्थित लक्षद्वीप के लिए कई विकास परियोजनाओं की घोषणा थी। इसके बाद ट्रेवल पोर्टल्स पर लोगों ने लक्षद्वीप को भी खोजचना शुरू कर दिया। इन सबके बीच सरकार कई अन्य ऐसे स्थलों को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना पर काम कर रही हैं जहां अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

सरकार से जुड़े सूत्रों के अनुसार अनुसार एक विशेष पर्यटन क्षेत्र (एसटीजेड) परियोजना के अंतर्गत इस क्षेत्र को विकसित किया जाएगा। इस इलाके में सर नामक एक मछली पाई जाती है जिसके नाम पर इस क्षेत्र का नाम सर क्रीक पड़ा। यहां के व्यंजन का अपना एक इतिहास रहा है, इसके कारण बड़ी संख्या में अब भी लोग यहां घूमने हैं। सरकार इस क्षेत्र को अब पर्यटन हब के रूप में विकसित करेगी। सूत्रों के अनुसार इन परियोजनाओं के लिए केन्द्र सरकार की ओर से भी धन मुहैया कराई जाएगी। जानकार बताते हैं कि इस परियोजना में नारायण सरोवर के तट जो उत्तर में स्थित है, यह पहले से ही धार्मिक पर्यटन स्थल है। कोरी क्रीक पर कोटेश्वर मंदिर पहले से धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। अब इसका विस्तार किया जाना है। धोलावीरा और शिवराजपुर भी बनेंगे पर्यटन स्थल सर क्रीक के साथ गुजरात पर्यटन धोलावीरा और शिवराजपुर को विशेष पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करेंगे। इस पूरी परियोजना के लिए 200 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि यह पर्यटन स्थल सीमावर्ती इलाके में है इसलिए आने-जाने वालों लोगों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस परियोजना के तहत एक बॉटनिकल गार्डन, खेल का मैदान और मैंग्रोव बोर्डवॉक की विकसित किया जाना है। इसकी लागत 17.6 करोड़ रुपये है। बढ़ेंगे रोजगार और आय के अवसर मेक माई ट्रिप के एक अधिकारी के अनुसार घरेलू पर्यटन स्थलों पर पिछले कुछ सालों से काफी अच्छा काम किया जा रहा है। कुछ साल पहले तक स्थानीय लोग ही इन पर्यटन क्षेत्रों में जाया करते थे। अब बाहर से भी लोग घूमने आ रहे हैं। धार्मिक पर्यटन स्थलों पर घूमने जाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।



### धार्मिक स्थलों से 1.35 लाख करोड़ रुपये की आमदनी

भारत सरकार आंकड़ों के अनुसार घरेलू पर्यटकों की संख्या जनवरी से जून 2022 तक 1,731 लाख रही जो 2021 में 677 लाख थी। जबकि विदेशी पर्यटकों की संख्या जनवरी से जून 2023 तक 43.80 लाख रही जो 2022 में इसी समयावधि में 21.24 लाख थी। धार्मिक स्थानों में घरेलू पर्यटकों की संख्या साल 2022 में 14.33 लाख रही। वहीं 64.4 लाख विदेशी पर्यटकों ने इन स्थानों का भ्रमण किया। साल 2022 में इन धार्मिक स्थलों से 1.35 लाख करोड़ रुपये की आमदनी हुई।

### सर क्रीक और कोरी क्रीक बनेगे पर्यटन हब

इसी परियोजना के तहत गुजरात के कच्छ जिले के सर क्रीक और कोरी क्रीक जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर काम चल रहा है। यह क्षेत्र भारत-पाकिस्तान के बीच 96 किलोमीटर की जल पट्टी है, इसकी जलधारा को मूल रूप से बान गंगा कहा जाता है। अब सरकार इस क्षेत्र को व्यापक तौर पर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है। गुजरात सरकार ने इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल बनाने के लिए एक मास्टरप्लान तैयार किया है। पर्यटकों को सांस्कृतिक, प्राकृतिक और रोमांचक अनुभव प्रदान करने के अलावा सरकार का उद्देश्य स्थानीय अर्थव्यस्था को बढ़ावा देना और रोजगार के अवसर पैदा करना है। इस परियोजना के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा दिया जाएगा।



# व्हाट्सएप यूजर्स का डेटा हर रात करता है एक्सपोर्ट : एलन मस्क

**नई दिल्ली।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप पर यूजर्स का डेटा एक्सपोर्ट करने का आरोप लगाया है। बता दें, एक एक्स यूजर्स की ओर से पोस्ट में कहा गया कि व्हाट्सएप हर रात यूजर्स के डेटा को एक्सपोर्ट करता है और विज्ञापन के लिए टारगेट ऑडियंस सेट करने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। उन्होंने यूजर्स को कंज्यूमर नहीं, बल्कि एक प्रोडक्ट बना दिया है। मस्क ने कहा कि व्हाट्सएप हर रात अपने यूजर्स का डेटा एक्सपोर्ट करता है। हालांकि लोग सोचते हैं कि ये एक सुरक्षित माध्यम है। मेटा और व्हाट्सएप की ओर से फिलहाल इस पर कोई कमेंट नहीं किया गया है। कंप्यूटर प्रोग्रामर और वीडियो गेम डेवलपर, जॉन कारमैक ने मस्क के जवाब को लेकर सोशल मीडिया पर पूछा कि क्या आपके पास कोई सबूत है कि मैसेज को स्कैन और ट्रांसमिट किया जा रहा है। कारमैक की ओर से एक्स पर पोस्ट किया गया कि मेरा मानना है कि यूसेज पैटर्न और मेटा डेटा का संग्रह किया जाता है। अगर आप बातचीत में बॉट को इसमें लाते हैं तो आप निश्चित ही इस मुद्दे को हवा दे रहे हैं, लेकिन मै अभी भी मानता हूं कि मैसेज कंटेंट पूरी तरह से सुरक्षित है। मस्क की ओर से मार्क जुकरबर्ग की कंपनी मेटा पर पहले भी कई आरोप लगाए गए हैं। इस महीने की शुरूआत में अरबपति टेक कारोबारी ने मेटा को लेकर कहा था कि वह विज्ञापन का श्रेय लेने को लेकर काफी लालची है। बता दें, मस्क और जुकरबर्ग लंबे समय से एक-दूसरे के कड़े प्रतिद्वंदी माने जाते हैं और दोनों की कंपनियां ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म चलाती हैं। कुछ समय पहले मस्क ने जुकरबर्ग को केज फाइट की भी चुनौती दी थी। इसे शताब्दी की सबसे बड़ी लड़ाई बताया था, लेकिन ये कभी हुई नहीं।

## भारत के संगठित क्षेत्रों में बढ़ रहा रोजगार : वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट




**नई दिल्ली।** कोविड-19 के दौरान उच्चतम स्तर पर पहुंची बेरोजगारी के बाद इसकी दर में निरंतर गिरावट आ रही है। वित्त मंत्रालय की नवीनतम मासिक आर्थिक समीक्षा के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था में संगठित क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ी है। बेरोजगारी दर में गिरावट के साथ-साथ रोजगार को एक औपचारिक स्वरूप देने में भी वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्यों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हो रही है।

आधार जैसे डिजिटल पहचान का निर्माण, ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण और उद्यम पोर्टल पर एमएसएमई के पंजीकरण ने अर्थव्यवस्था के औपचारिकीकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस साल 22 मई तक, 4.4 करोड़ एमएसएमई को उद्यम पोर्टल (उद्यम सहायता प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत अनौपचारिक उद्यमों सहित) पर पंजीकृत किया गया है। इनमें से 97 प्रतिशत से अधिक सूक्ष्म उद्योग हैं। वित्त वर्ष 2024 के दौरान ईपीएफओ में 1.47 करोड़ नए सदस्यों को शामिल किया गया। पिछले वर्ष के मुकाबले इसमें 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष ईपीएफओ से 1.39 करोड़ नए सदस्य जुड़े थे। वित्त वर्ष 24 में ईपीएफओ में लगभग 1.08 करोड़ नए ग्राहक नामांकित हुए। इनमें से 56.7 प्रतिशत नए शामिल ग्राहक 18-25 वर्ष के आयु वर्ग के थे। ईपीएफओ में फिर से शामिल होने वाले सदस्यों की अपेक्षाकृत उच्च संख्या यह दशार्ती है कि श्रम बाजार अपनी सामाजिक सुरक्षा सुरक्षा का विस्तार करने का विकल्प चुन रहा है।

पिछले कुछ महीनों में, ईपीएफओ में दोबारा शामिल होने वाले ग्राहकों की संख्या नए ग्राहकों या मौजूदा ग्राहकों के हटने की तुलना में अधिक रही है। वित्त वर्ष 24 के दौरान, 1.64 करोड़ सदस्य पहले बाहर निकलने के बाद फिर से ईपीएफओ से जुड़ गए। ईपीएफओ के अनुसार, इन सदस्यों ने अपनी नौकरियां बदल लीं और ईपीएफओ के तहत आने वाले प्रतिष्ठानों में शामिल हो गए। उन्होंने अपनी बचत को वापस लेने के बजाय इसे नए प्रतिष्ठान में स्थानांतरित करने का विकल्प चुना। पिछले वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में मौजूदा ईपीएफओ ग्राहकों के नाम हटाए जाने की संख्या भी कम रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 के दौरान 1.25 करोड़ ईपीएफओ ग्राहक बाहर हो गए, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 1.34 करोड़ था।

इसमें यह भी कहा गया है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में बड़े स्तर पर रोजगार सृजन हुआ है। पीएमआई विनिर्माण रोजगार उप-सूचकांक विनिर्माण क्षेत्र में अधिक रोजगार के अवसरों का संकेत देता है। इसी तरह, पीएमआई सेवा उप-सूचकांक घरेलू मांग में बढ़ोतरी, नए व्यापार लाभ और अंतरराष्ट्रीय बिक्री में बढ़ोतरी के संयोजन से सेवा क्षेत्र में रोजगार सृजन में वृद्धि दशार्ता है।

## राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष :** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क :** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह :** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु :खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला :** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु :** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर :** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन :** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

कौन कहता है औरतें
अपनी गलती नहीं मानतीं...
मेरी वाली तो रोज मानती है, कहती है....
गलती हो गई तुमसे शादी करके...!!!

---

पापा - एक काम ढंग से नहीं करता
बेटा - सॉरी पापा
पापा - बंदर देखा है तूने?
बेटा - हां
पापा - वैसी ही शक्ल है तेरी
बेटा - पर मम्मी तो कहती है कि
तू पापा जैसा दिखता है...!!!

---

पापा - हमेशा फोन में लगी रहती है
बेटी - सॉरी पापा
पापा - तू जब फ्री होती है तो क्या करती है?
बेटी - फोन चार्ज करती हूं
पापा - और फ्री कब होती हो?
बेटी - जब फोन की बैट्री खत्म हो जाती है...!!!
पापा बेहोश...

## रोचक तथ्यों का करंट

- प्राचीन यूनानियों और रोमियों ने पनीर को ललित कला बनाने में पहला स्थान दिया था। बड़े रोमन घरों में भी एक विशेष रसोई थी, जिसे पेरेल कहा जाता था, जिसका इस्तेमाल सिर्फ पनीर बनाने के लिए होता था!
- साल 2014 में पनीर का सबसे बड़ा उपभोक्ता फ्रांस, आइसलैंड, फिनलैंड, डेनमार्क और जर्मनी था औसतन प्रत्येक व्यक्ति ने उस वर्ष 55 किलो पनीर का सेवन किया था।
- पनीर को पचाने पर, यह एक ओपिओइड में टूट जाता है। अन्य ओपिओइड जिन्हें आप जानते हैं वे हेरोइन और मॉर्फिन हैं!
- प्रत्येक पाउंड पनीर के लिए 10 पाउंड दूध की आवश्यकता होती है! (नोट : 1 पाउंड = 0.453592 किलोग्राम)
- पहला पनीर बनाने का कारखाना स्विट्जरलैंड में साल 1815 में स्थापित किया गया था, हालांकि संयुक्त राज्य में सफल बड़े पैमाने पर उत्पादन साल 1851 में शुरू हुआ था।
- क्या आप जानते हैं? दुनिया में सबसे अधिक चोरी होने वाले खाद्य पदार्थ पनीर है, इसके साथ ही 4% पनीर बेची जाती हैं, जो चोरी हो जाती हैं।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# पूरे टूर्नामेंट में आवेश खान ने दमदार प्रदर्शन किया : संगकारा



**चेन्नई।** राजस्थान रॉयल्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट कुमार संगकारा ने आईपीएल 2024 में अपने पहले सीजन में टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाले भारत के तेज गेंदबाज आवेश खान की प्रशंसा की। सीजन की शुरूआत से पहले, राजस्थान रॉयल्स ने आवेश को लखनऊ सुपर जाइंट्स से ट्रेड किया था। आवेश ने प्रसिद्ध कृष्णा और नवदीप सैनी की कमी में 16 मैचों में 27.68 की औसत और 9.59 की इकॉनमी रेट से 19 विकेट लिए और राजस्थान के लिए एक सफल तेज गेंदबाज रहे। आवेश ने 1 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले आगामी पुरुष टी20 विश्व कप में भारत के लिए ट्रेवल रिजर्व में भी स्थान हासिल किया है। संगकारा ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, सबसे पहले यह वास्तव में अच्छा ट्रेड था जो हमने किया। हमारे पास देवदत्त पडिक्कल को लखनऊ के साथ ट्रेड करने का अच्छा ऑप्शन था। पडिक्कल राजस्थान के एक अच्छे खिलाड़ी थे। उन्होंने हमारे लिए बहुत अच्छा काम किया लेकिन हमें एक तेज गेंदबाज की जरूरत थी, इसलिए हम आवेश की तरफ बढ़े। हम जानते थे कि यह एक अच्छा ट्रेड रहेगा और इस तेज गेंदबाज ने यह अपने प्रदर्शन से साबित भी किया। यही कारण है कि वह भारत के लिए विश्व कप में बतौर ट्रेवल रिजर्व शामिल है। उसके पास एक शानदार लेंथ लाइन है, वह डेथ ओवरों में अच्छा विकल्प है। मुझे लगता है कि वह राजस्थान के लिए अभूतपूर्व रहा है। वह प्रशिक्षण के दौरान खूब मेहनत करता है, वह हमेशा खेल के लिए तैयार रहता है। क्वालीफायर 2 में सीजन के अंत में अपनी हार के बाद, संगकारा ने स्वीकार किया कि सलामी बल्लेबाज जोस बटलर का न होना एक बहुत बड़ी क्षति थी, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में अन्य लोग भी आगे आएं और अपना बेस्ट दिया। संगकारा ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा कि यहां तक का सफर राजस्थान के युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए अच्छा अनुभव देगा। मुझे लगता है कि सीजन को देखते हुए रियान पराग और संजू ने जिस तरह से बल्लेबाजी की और जिस तरह से उन्होंने टीम को एकजुट रखा, उसे देखना अद्भुत था। यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, मुझे लगता है कि वह जिस भी प्रारूप में खेलेंगे उसमें अभूतपूर्व होंगे। वहीं रविचंद्रन अश्विन ने जो भूमिका निभाई वो शानदार है। युजवेंद्र चहल, ट्रेंट बोल्ट संदीप शर्मा, ऐसे कई नाम है जिन्होंने टीम के लिए अपना बेस्ट प्रदर्शन किया है।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन




**कोबे (जापान)।** विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का दबदबा कायम है। शनिवार को सिमरन शर्मा ने महिलाओं की 200 मीटर टी12 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता और भारत के लिए पदकों की बारिश जारी रखी। प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर टी35 श्रेणी में कांस्य के साथ चैंपियनशिप का अपना दूसरा पदक जीता। प्रीति ने इससे पहले इसी वर्ग में 200 मीटर में कांस्य पदक जीता था। भारत के नवदीप ने पुरुषों की भाला फेंक एफ41 श्रेणी में सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 42.82 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। शनिवार के पदकों के साथ भारत के पदकों की संख्या छह स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य सहित 17 तक पहुंच गई, जो 2023 की पदक संख्या को पार चुकी है। इस तरह भारत ने इस साल प्रतियोगिता के इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। कोबे में भारतीय पैरा-एथलेटिक्स टीम का प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत, लचीलेपन और कोचों, सहयोगी स्टाफ और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा प्रदान की गई मजबूत सहायता प्रणाली का प्रमाण है। उनकी सफलता देश भर के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए प्रेरणा का काम करती है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय पैरा-एथलेटिक्स में भारत के बढ़ते कद को भी मजबूत करेगी। दीप्ति जीवनजी ने सोमवार को महिलाओं की 400 मीटर टी20 श्रेणी में 55.06 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक हासिल किया। दीप्ति जीवनजी ने विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के बाद कहा, विश्व रिकॉर्ड तोड़ना और विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतना एक सपने के सच होने जैसा है। मैं अपने कोचों, परिवार और पूरे भारतीय दल के समर्थन के लिए आभारी हूं। यह सिर्फ शुरूआत है, और मैं भविष्य के लिए उत्साहित हूं। नौ दिवसीय टूर्नामेंट के आखिरी दिन शनिवार को भारत 17 मेडल के साथ पांचवे स्थान पर है। यह भारत का अब तक विश्व पैरा एथलेटिक्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वहीं चीन 27 स्वर्ण, 26 रजत और 22 कांस्य सहित कुल 75 पदक के साथ शीर्ष पर काबिज है। दूसरे नंबर पर 38 पदक (18 स्वर्ण, 11 रजत और 9 कांस्य) के साथ ब्राजील है।

# सोमदेव वर्मन ने बोपन्ना के लंबे करियर का खोला रहस्य



**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस के दिग्गज सोमदेव देववर्मन ने रोहन बोपन्ना के लंबे करियर के पीछे के रहस्य का खुलासा किया और कहा कि हम उनका एक निर्भीक रूप देख रहे हैं। रोहन बोपन्ना पिछले दो दशकों से भारतीय टेनिस के स्तंभ रहे हैं। आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में सोमदेव देववर्मन ने 44 वर्षीय खिलाड़ी की लंबी उम्र के पीछे के रहस्य के बारे में बात की। अर्जुन पुरस्कार विजेता बोपन्ना ने 2002 में डेविस कप में डेब्यू किया था और तब से वह देश में अग्रणी खिलाड़ी रहे हैं। जनवरी 2024 में मैथ्यू एब्डेन के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष युगल वर्ग जीतकर वह ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गए। देववर्मन ने आईएएनएस को बताया, ₹आप जानते हैं, रोहन के साथ हमेशा दृढ़ संकल्प रहा है। सुधार के नए तरीके खोजना हमेशा उसका जुनून रहा है। मुझे लगता है कि उसने उतना अच्छा किया है जितना कोई सोच सकता था। पिछले पांच महीनों से आप उनका निर्भीक रूप देख रहे हैं। पहले भी, उनका करियर शानदार रहा था। बोपन्ना क्ले कोर्ट के मक्का कहे जाने वाले आगामी रोलैंड गैरो टूनामेंट की तैयारी कर रहे हैं। पिछले आंकड़ों पर नजर डालें तो बोपन्ना ने यहां संघर्ष किया, लेकिन वह एक मजबूत प्रदर्शन करना चाहेंगे क्योंकि वह टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए इसी कोर्ट पर वापस आएंगे। भारतीय टेनिस दिग्गज ने निष्कर्ष निकाला, पिछले पांच महीनों में, आप उनका एक निडर रूप देख रहे हैं। वह हमेशा बहुत निडर थे, लेकिन अब ऐसा लगता है जैसे वह जानते हैं कि कब दबाव डालना है, साथ ही महत्वपूर्ण क्षणों में कैसे सर्विस बनाए रखनी है और किस तरह का दबाव डालना है। तो यह बस उनके करियर का बेस्ट है। उनके पास बहुत अनुभव है और उनका शरीर अभी भी फिट है। वह सफलता से बहुत प्रेरित है और यह देखना बहुत अच्छा है कि वह अपने करियर के इस चरण में इसे प्राप्त कर रहा है।

# सिंधु मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में



**कुआलालम्पुर।** भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु ने शनिवार को थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को सेमीफाइनल में हराकर मलेशिया मास्टर्स के महिला एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया। एक घंटे 28 मिनट तक चले तीन गेमों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में सिंधु ने थाई शटलर को 13-21, 21-16, 21-12 से पराजित किया। वह पिछले वर्ष मार्च के बाद से किसी टूनार्मेंट में अपना पहला फाइनल खेलेंगी। यह बीडब्लूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 इवेंट में सिंधु का चौथा फाइनल भी है। वर्ष के अपने पहले सेमीफाइनल में खेलते हुए, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कोर्ट पर अपना असली कौशल दिखाने से पहले शुरूआती गेम हार गई। दूसरे गेम में उन्होंने विश्व की दसवें नंबर की खिलाड़ी से बढ़त ले ली। अत्यधिक प्रतिस्पर्धी लड़ाई के बाद और दो अंकों की बढ़त के साथ आधे रास्ते में प्रवेश किया। उन्होंने संयम बनाए रखा और अपनी बढ़त को बढ़ाते हुए दूसरा गेम 21-16 से जीत लिया। निर्णायक गेम में, वह पूरी ताकत से उतरी और अपने प्रतिद्वंद्वी को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। पाला बदलने से पहले सिंधु के पास 11-5 की बढ़त थी जिसे अंत में उन्होंने आठ मैच प्वाइंट तक पहुंचाया। उन्होंने आसानी से गेम 21-12 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। सिंधु का अगला मुकाबला रविवार को फाइनल में चीन की वांग झी यी से होगा। मौजूदा एशियाई चैंपियन ने हमवतन झांग यिमान को सीधे गेम में हराकर फाइनल में जगह पक्की की।

# डब्लूटीटी कन्टेंडर : ठक्कर और शाह की जोड़ी सेमीफाइनल में



**रियो डी जेनेरो।** भारत के मानव ठक्कर और मायुष शाह की जोड़ी ने घरेलू ब्राजील की जोड़ी फिलिप डोटी और लुकास रोमांसकी को क्वार्टरफाइनल में 3-0 से हराकर डब्लूटीटी कन्टेंडर के पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय जोड़ी को इस मुकाबले में दावेदार नहीं माना जा रहा था, लेकिन उन्होंने ब्राजीली जोड़ी को कोई मौका न देते हुए पहले गेम में दबदबा बनाया। पहला गेम 11-4 से जीतने के बाद भारतीय जोड़ी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अगले दो गेम 11-6, 11-6 से जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। इससे पहले राउंड 16 के मैच में भारतीय जोड़ी ने पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए ब्राजील के हेनरिक नोगुटे और जून शिम को 30 मिनट तक चले मैच में 3-1 (7-11, 11-5, 11-1, 12-10) से हरा दिया। डब्ल्यूटीटी कंटेंडर श्रृंखला दो इवेंट स्तर पेश करती है - डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर और डब्ल्यूटीटी कंटेंडर - जो विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धा प्रदान करते हैं।

खिलाड़ी आईटीटीएफ टेबल टेनिस विश्व रैंकिंग अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। मैच अधिक पारंपरिक टेबल टेनिस सेटिंग्स में खेले जाते हैं। डब्ल्यूटीटी कंटेंडर सीरीज इवेंट डब्ल्यूटीटी सीरीज की धड़कन होंगे और खिलाड़ियों को रैंकिंग और डब्ल्यूटीटी चैंपियंस और ग्रैंड स्मैश इवेंट में नई संरचना के जरिये प्रगति करने के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग प्रदान करेंगे। डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर इवेंट छह दिनों तक होंगे और डब्ल्यूटीटी कंटेंडर इवेंट चार दिनों का, जिसमें प्रत्येक इवेंट में पुरुष और महिला एकल, पुरुष और महिला युगल और मिश्रित युगल स्पधाएं होंगी। डब्ल्यूटीटी कंटेंडर इवेंट में महिला और पुरुषों में 32 खिलाड़ियों का एकल मुख्य ड्रॉ, 16-जोड़ी युगल और 8-जोड़ी मिश्रित युगल शामिल होंगे।

# आईपीएल फाइनल को लेकर मैथ्यू हेडन और पीटरसन की ये है भविष्यवाणी



**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को क्वालीफायर 2 में राजस्थान रॉयल्स को 36 रनों से हराकर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल में जगह बना ली है। अब खिताबी मुकाबले से पहले, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन और इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने कोलकाता के खिताब जीतने का समर्थन किया है। क्वालीफायर 1 में, केकेआर ने अहमदाबाद में हैदराबाद को 8 विकेट से हराकर शिखर मुकाबले में प्रवेश किया। दोनों टीमों ने एक-दूसरे के खिलाफ अपना आईपीएल अभियान शुरू किया था जिसमें कोलकाता ने चार रनों से जीत हासिल की। हेडन को लगता है कि कोलकाता की स्पिन जोड़ी सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती मैच में प्रभाव डालेंगे। कोलकाता के लिए मौजूदा सीजन में स्पिनरों ने 36 विकेट साझा किए हैं। हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि कोलकाता यहां जीतेगी। इस पिच पर नारायण और वरुण चक्रवर्ती की बेहतरीन स्पिन से फर्क पड़ेगा। पीटरसन ने कहा कि कोलकाता के खिलाफ हैदराबाद की आखिरी हार भी फाइनल में काफी आत्मविश्वास देगी, लेकिन पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम के खिताब के निर्णायक मुकाबले में पहुंचने पर उन्हें खुशी है। पीटरसन ने कहा, अहमदाबाद में सनराइजर्स ने जिस तरह से हार का सामना किया, वह मुझे पसंद नहीं आया और मुझे लगता है कि यह उन्हें रविवार की शुरूआत में बैकफुट पर धकेल देगा। कोलकाता को फाइनल में काफी आत्मविश्वास मिलेगा, क्योंकि उसने कुछ दिन पहले ही हैदराबाद को हराया है। इसलिए सनराइजर्स के लिए आगे बढ़ना वास्तव में कठिन होने वाला है, लेकिन मुझे लगता है कि वे ऐसा करेंगे क्योंकि उन्होंने एसए20 जीता है, इसलिए वे जानते हैं कि कैसे जीतना है। उनके पास एक ऐसी संरचना है जो जानती है कि कैसे जीतना है। हेडन ने आगे कहा कि उच्च दबाव वाले फाइनल में, 'मजबूत दिल वाली' टीम खिताब जीतती है। हेडन ने कहा, यह बस इसे सही करने के बारे में है, वास्तव में उतना ही सरल। आपने कड़ी मेहनत की है और काफी ट्रेवल किया है। यह वास्तव में चुनौतीपूर्ण, और कठिन टूनामेंट है। एक खिलाड़ी के जीवन में भाग्य हमेशा एक छोटी भूमिका निभाएगा, इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन किसी भी चीज से अधिक यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि आप उस दिन अपनी टीम के प्रति कितने प्रतिबद्ध हैं। मैंने राजस्थान रॉयल्स में जो देखा वह यह था कि वे मैच के एक तरफ प्रतिबद्ध थे, लेकिन जब बल्लेबाजी की बात आई तो वे पूरी तरह से आश्वस्त नहीं थे।


# हम निश्चित रूप से ट्रॉफी जीतेंगे : भुवनेश्वर



**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का कहना है कि उन्हें रविवार को कोलकाता नाईट राइडर्स के खिलाफ होने वाले खिताबी मुकाबले में आईपीएल ट्रॉफी जीतने का पूरा भरोसा है। हैदराबाद ने शुक्रवार को क्वालीफायर दो में राजस्थान रॉयल्स को 36 रन से हराकर फाइनल में जगह बनायी। हालांकि वे इससे पहले क्वालीफायर एक में कोलकाता से आठ विकेट से हार गए थे और उन्हें फाइनल में जगह बनाने के लिए राजस्थान से भिड़ना पड़ा। पिछले छह सत्रों में यह पहली बार है कि वे फाइनल में खेलेंगे। पिछले तीन सत्रों में वे प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच पाए थे। भुवनेश्वर ने खिताबी मुकाबले में खेलने और ट्रॉफी उठाने के प्रति अपना उत्साह व्यक्त किया। भुवनेश्वर ने साथ ही कहा, "यह एक अलग अहसास है। हम पिछले तीन सत्रों में प्लेऑफ में नहीं खेले हैं जिस तरह हम इस सत्र में खेल रहे हैं। हमें यह अहसास था कि हम फाइनल में पहुंचेंगे।

उसके बाद तो यह सिर्फ एक मैच का मामला रह जाएगा। आईपीएल खिताब जीतना बहुत खास होगा। हर कोई अपने योगदान से खुश है, यह एक शानदार टीमवर्क था। अब हम फाइनल में पहुंच चुके हैं और हम निश्चित रूप से ट्रॉफी जीतेंगे।" राजस्थान के खिलाफ 37 रन बनाने वाले राहुल त्रिपाठी ने कहा कि वह अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मौके का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने इस सत्र में पांच मैच खेले हैं और एक अर्धशतक सहित 156 रन बनाये हैं। उन्होंने कहा, मुझे अपने मौके का इन्तजार करना पड़ा। यह मुश्किल था। जब मैं खेल भी नहीं रहा था तब मैं यही सोच रहा था कि कैसे मैं टीम की मदद कर सकता हूं। इस सोच ने मेरी मदद की क मेरी तैयारी सकारात्मक थी और जब मुझे मौका मिला मैंने टीम के लिए योगदान दिया।" पूर्व भारतीय लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने शाहबाज अहमद के आलराउंड प्रदर्शन की सराहना की जिसके लिए उन्हें शुक्रवार को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। उन्होंने 18 रन बनाये और तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए जिसमें यशस्वी जायसवाल (42), रियान पराग (6) और रविचंद्रन अश्विन (0) शामिल थे। राजस्थान की टीम 20 ओवर में 139/7 रन ही बना सकी। कुंबले ने कहा, यहां तक कि अपनी पिछली फ्रेंचाइजी आरसीबी के साथ भी, उनके पास क्रिकेट की स्मार्टनेस थी। वह एक अलग स्थिति में आए, और आज भी, उन्होंने बल्लेबाजी की। हां, उन्होंने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की और सही लेंथ हासिल की। चेन्नई की पिचों पर, आपको यह हासिल करने की जरूरत है। सही लेंथ और स्टंप-टू-स्टंप गेंदबाजी करना, आपको बस इतना ही करना है। आपको किसी और चीज के बारे में सोचने की जरूरत नहीं है। आपको गेंद को स्पिन करने की कोशिश करनी होगी, पिच पर हिट करना होगा, और अच्छी लेंथ पर गेंदबाजी करनी होगी, और शाहबाज ने बिल्कुल वही किया। बल्ले से, उनकी साझेदारी क्लासेन के साथ, उन्होंने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। वे विकेट खो रहे थे, और उनका काम तब तक वहां रहना था जब तक क्लासेन वहां थे और फिर उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया।

# बाएं हाथ के स्पिनर इस्तेमाल करने का फैसला विटोरी का था : कमिंस



**चेन्नई।** आईपीएल 2024 के क्वालीफायर 2 में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर फाइनल में जगह बनाई। कप्तान पैट कमिंस ने कहा बाएं हाथ के गेंदबाज को बॉल देना डेनियल विटोरी का था, जिसने खेल का पासा पलट दिया। चेन्नई में खेले गए क्वालिफायर-2 मुकाबले में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में राजस्थान 20 ओवर में 7 विकेट पर 139 रन ही बना सकी। जीत के बाद कप्तान पैट कमिंस ने बताया कि बाएं हाथ के गेंदबाज का इस्तेमाल करने का फैसला गेंदबाजी कोच डैनियल विटोरी का था। शाहबाज अहमद (3-23) और अभिषेक शर्मा (2-24) ने कुल मिलाकर 9 ओवर फेंके और मात्र 57 रन दिए, साथ ही पांच विकेट भी लिए। शाहबाज के बारे में पूछे जाने पर कमिंस ने कहा, विटोरी ने यह फैसला लिया था। डैन विटोरी, बाएं हाथ के गेंदबाजों का उपयोग करना चाहते थे। अभिषेक शर्मा और शाहबाज अहमद ने शानदार गेंदबाजी की, जो मैच का टर्निंग पॉइंट भी रहा। पैट कमिंस ने मैच खत्म होने के बाद कहा कि टीम के खिलाड़ी पूरे सीजन में शानदार रहे हैं। जैसा कि आप देख सकते हैं, टीम में जोश है और सीजन की शुरूआत में फाइनल हमारा लक्ष्य था और हमने इसे हासिल कर लिया। कमिंस ने आगे कहा, हम जानते थे कि हमारी ताकत हमारी बल्लेबाजी है। लेकिन हमारी गेंदबाजी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। हम इस टीम में मौजूद अनुभव को कम नहीं आंक सकते। भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन और जयदेव उनादकट का होना एक सपने जैसा है, इससे मेरा काम आसान हो जाता है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजों का रोल काफी अहम रहा। दूसरी पारी में स्पिनरों के लिए मददगार पिच पर राजस्थान को पछाड़ते हुए हैदराबाद ने आईपीएल 2024 के फाइनल में जगह बनाई। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स हार गई और 7 विकेट पर 139 रन ही बना सकी। राजस्थान रॉयल्स पर जीत का मतलब है कि हैदराबाद अब कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपना तीसरा आईपीएल फाइनल खेलेगा और फ्रेंचाइजी के इतिहास में दूसरी बार ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेगी।

# तीरंदाजी विश्व कप : भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने तुर्की को हराकर जीता स्वर्ण



**शंघाई।** ज्योति सुरेख वेनम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की भारतीय तिकड़ी ने तुर्की को कंपाउंड महिला टीम फाइनल में 232-226 से हराकर तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत लिया। भारत ने इस जीत के साथ खिताबी हैट्रिक पूरी की। भारत ने इससे पहले फ्रांस और इटली में भी स्वर्ण पदक जीते थे। भारतीय टीम ने खिताबी मुकाबले में अच्छी शुरूआत करते हुए पहले राउंड में एक अंक की बढ़त बना ली। भारतीय टीम ने दूसरे राउंड में पांच परफेक्ट 10, दो और एक 9 पर निशाना साधते हुए अपनी बढ़त चार अंक पहुंचा दी। तुर्की ने वापसी करने की कोशिश की लेकिन भारतीय टीम ने चौथे राउंड में जाते-जाते अपनी चार अंक की बढ़त बरकरार रखी। भारत ने आखिरी राउंड में 58 का स्कोर कर स्वर्ण पदक जीत लिया।

# कहीं बारिश ना डाल दे फाइनल मैच में खलल!

**चेन्नई।** आईपीएल 2024 सीजन का विजेता रविवार को तय होगा जब दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला चेन्नई से चेपॉक स्टेडियम पर होगा। केकेआर और हैदराबाद के बीच फाइनल से पहले शुक्रवार को सनराइजर्स का सामना क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स से इसी स्टेडियम पर हुआ था। सभी की नजरें इस हाई प्रोफाइल मुकाबले पर होगी, लेकिन चिंता इस बात की भी रहेगी कि कहीं बारिश मैच में खलल ना डाल दे।

**इस सीजन दो बार भिड़ीं केकेआर-हैदराबाद**

हैदराबाद और कोलकाता की टीमों का सामना इस सीजन दो बार हुआ जहां कोलकाता ने पहले ग्रुप चरण में 2016 की चैंपियन टीम को हराया, जबकि इसके बाद क्वालिफायर-1 में भी हैदराबाद को मात देकर शान से फाइनल में जगह बनाई थी। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम की नजरें एक बार फिर पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम को मात देने पर होंगी।

**राजस्थान को हराकर फाइनल में पहुंची थी हैदराबाद**

क्वालिफायर-1 में केकेआर से मिली हार के बाद वापसी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने शाहबाज अहमद की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स को हराकर आईपीएल 2024 सीजन के फाइनल में प्रवेश किया था। हैदराबाद की टीम इससे पहले 2018 सीजन के खिताबी मुकाबले में पहुंची थी जहां उसे चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से हार का सामना करना पड़ा था। हैदराबाद की टीम ने 2018 के बाद कभी खिताबी मैच में प्रवेश नहीं किया था और अब छह साल बाद वह फाइनल खेलने उतरेगी।

**तीन मैचों में बाधा बन चुकी है वर्षा**

मौजूदा सीजन में कुल तीन मैच बारिश में पूरी तरह धुल चुके हैं, जबकि एक मैच में बारिश की वजह से ओवरों में कटौती की जा चुकी है। मुंबई इंडियंस और केकेआर के बीच खेला गया मुकाबला बारिश के कारण 16-16 ओवर का कराया गया था, जबकि 13 मई को कोलकाता और गुजरात के बीच मुकाबला रद्द हुआ था, वहीं हैदराबाद और गुजरात के बीच मुकाबला बारिश से धुल गया था। इतना ही नहीं गत रविवार को केकेआर और राजस्थान के बीच गुवाहाटी में खेला जाने वाले आईपीएल 2024 का ग्रुप चरण का आखिरी मैच में भी बारिश के कारण नहीं हो सका था।

**मैच के दौरान बारिश की संभावना नहीं**

हैदराबाद और कोलकाता के बीच मैच के दिन चेन्नई में गर्मी रहेगी और मौसम खुला रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान बारिश की संभावना तीन प्रतिशत है और पूवार्नुमान के अनुसार, मैच में बारिश के खलल डालने की संभावना नहीं है। मौसम के पूवार्नुमान के मुताबिक फैंस को बिना किसी रुकावट के मैच का मजा देखने मिलेगा। हालांकि, मैच के दौरान शाम को बादल छाए रहने की संभावना है।

# साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 में 19 करोड़ हाउस टैक्स देने के बाद भी नहीं उठ रहा कूड़ा: मुकेश गुप्ता






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सालाना 19 करोड़ रुपये संपत्ति कर देने वाले साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 में सड़कों पर कूड़े के ढेर लगे है। जिस कारण यहां से जाने वाले वाहन चालकों को बदबू का सामना करना पड़ता है। आरोप है कि नगर निगम के कर्मचारी कई-कई दिन तक कूड़ा नहीं उठाते हैं। जिस कारण सड़कों पर फेंका जाने वाला कूड़ा नाले में पहुंच जाता है और नाले के पानी का बहाव रुक जाता है। बारिश के मौसम में नाले का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने लगता है। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 में रोजाना नोएडा, दिल्ली सहित अन्य स्थानों से भी उद्यमी आते हैं। यहां पर गंदगी देख वह परेशान होते हैं। गंदगी की शिकायत वे लोग साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया के उद्यमियों से करते हैं। उद्यमियों द्वारा नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत की जाती है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं करवाया जाता है। आश्वासन देकर टरका दिया जाता है। 19 करोड़ रुपये का सालाना टैक्स देने के बाद भी नगर निगम का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। न तो यहां पर समय पर सफाई करवाई जाती है।

साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट - 4 एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने बताया कि सड़क पर गंदगी के कारण दिल्ली-नोएडा सहित अन्य स्थानों से आने वाले उद्यमी भी परेशान होते हैं। वह हमसे शिकायत करते हैं, नगर निगम के अधिकारियों को कई बार इस बारे में अवगत कराया गया। लेकिन कार्रवाई के नाम पर महज आश्वासन देकर टरका दिया जाता है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजीत तोमर का कहना है कि रोजाना सड़कों पर सफाई करवाई जाती है। कूड़ा भी उठाया जाता है। साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क पर कूड़ा फेंकने वालों को रोका जाएगा। सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। शनिवार को एसोसिएशन कार्यालय में यूपीसीड़ा के सीईओ मयूर महेश्वरी के साथ सभी बिभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई जिसमें निगम के भी अधिकारी मौजूद रहे । कूड़े की समस्या बैठक में रखी गई थी, जब सब ओर सड़कों पर कूड़े के ढेर देखने को मिल रहे है। वसुंधरा जोन के सफाई इस्पेक्टर हिमांशु भारद्वाज का कहना है कि रोज कूड़ा उठ रहा है, फिर भी अगर कोई समस्या है तो इसका निस्तारण किया जाएगा।

# शहर को चमकाने में जुटा प्राधिकरण, सफाई अभियान को किया तेज




**नोएडा।** शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से नोएडा प्राधिकरण लगातार काम कर रही है। इस क्रम में शनिवार को सेक्टर 72 में जन स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों की टीमों ने खाली भूखंड और पार्क में स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान और प्लॉगिंग अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य 'स्वच्छ नोएडा, स्वस्थ नोएडा' है।

**कचरा इकट्ठा करके एमआरएफ सेंटर भेजा**

हेल्थ डिपार्टमेंट के डीजीएम आरके सिंह ने बताया कि स्वच्छता रैंकिंग में शहर को प्रथम स्थान दिलाने के लिए नोएडा प्राधिकरण की ओर से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत सेक्टर-72 में कचरा को इकट्ठा करके एमआरएफ सेंटर भेजा गया। वहां वैज्ञानिक तरीके से इसका निपटारा होगा। डीजीएम ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता की शपथ ली और एक बैनर पर हस्ताक्षर करके स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्ज की। इस अभियान को आने वाले दिनों में शहर में और तेजी के साथ चलाया जाएगा।

**इन्होंने लिया सफाई अभियान में हिस्सा**

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों और अन्य स्वयंसेवकों ने शहरवासियों से अपील की कि वे अपने नोएडा शहर को स्वच्छ और सुंदर रखें। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग से आरके शर्मा, परियोजना अभियंता, सुशील कुमार, राहुल गुप्ता, सभी अवर अभियंता, सभी स्वास्थ्य निरीक्षक, मैसर्स गाइडेड फॉर्च्यून समिति की पूरी टीम और मैसर्स आईएलआरटी टीम के 110 सदस्य, 50 सफाई कर्मचारी, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि और अन्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।

# जेएम अरोमा सोसाइटी के निवासियों ने एओए के खिलाफ उठाई आवाज



**नोएडा।** सेक्टर-75 स्थित जेएम अरोमा सोसाइटी के निवासियों का गुस्सा फूट गया है। शनिवार को सोसाइटी के निवासियों ने वर्तमान एओए और उनकी गलत नीतियों का विरोध किया। इसको लेकर गाजियाबाद में स्थित उप-रजिस्ट्रार कार्यालय में सुनवाई होनी थी, लेकिन एओए पक्ष मौके पर नहीं पहुंचा। इस तरीके से जेएम अरोमा सोसाइटी के करीब 250 निवासियों को चिलचिलाती गर्मी में उप-रजिस्ट्रार कार्यालय जाना पड़ा। एओए की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने में मुख्य रूप से गौरव भदौरिया, देवेन्द्र सिंह और ललित ओझा समेत सोसाइटी के करीब 250 लोग मौजूद रहे।

**इन 4 लोगों पर आरोप**

निवासियों ने उप-रजिस्ट्रार ऋषभ अग्रवाल के सामने विस्तार से मामला रखा और अपनी व्याख्या दी। निवासियों ने बताया कि एओए ने पिछले पांच साल से नियमानुसार चुनाव नहीं कराए हैं। चार लोग दीपक चौहान, जितेन्द्र भारती, आरबी जैन और हरीश शर्मा पिछले चार-पांच सालों से किसी न किसी पद पर काबिज हैं। निवासियों का आरोप है कि जीबीएम में चुनाव से पहले नियुक्त चुनाव समितियां भी उनकी सहमति के बिना बनाई जाती हैं।

**हर समस्या का समाधान होगा : उप-रजिस्ट्रार**

मामले की गंभीरता और निवासियों की परेशानी को समझते हुए उप-रजिस्ट्रार ने इस मुद्दे पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि निवासियों के साथ कोई अन्याय नहीं होगा और मामले की जल्द सुनवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सुनवाई पूरी होने तक कार्यकारी अध्यक्ष सोसायटी में बिजली, पानी और सफाई जैसी किसी भी आवश्यक सुविधा को सुचारू रूप से चलाने के लिए बाध्य होंगे।

**पहले भी हो चुकी शिकायतें**

इस मामले को लेकर निवासियों द्वारा पहले भी उप-रजिस्ट्रार कार्यालय में पांच शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं। निवासियों का आरोप है कि सोसायटी के निवासी राहुल शर्मा पिछले पांच वर्षों से लगातार चुनाव समिति के सदस्य हैं और समय-समय पर उन पर चुनाव परिणामों को प्रभावित करने का आरोप भी लगाया जाता रहा है।

# बेखौफ बदमाश ने दुकानदार पर चाकू से किया हमला



**नोएडा।** नोएडा में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के मोरना गांव में शनिवार सुबह एक दुकानदार पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। हमलावर बैखोफ चाकू लहराता हुआ मौके से फरार हो गया। इस बीच स्थानीय लोगों ने आरोपी की मोबाइल से वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नोएडा जोन डीसीपी विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि शनिवार सुबह सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने सेक्टर 35 स्थित स्टेशनरी दुकानदार नरेंद्र गौतम से संपर्क किया है। उन्होंने बताया कि चाकू मारने वाले युवक अरुण उर्फ डॉगी है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि वह दुकानदार की दुकान के सामने खड़ा होकर दुर्व्यवहार कर रहा था। दुकानदार ने विरोध किया तो उसने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी चाकू लहराते हुए द दुकानदार को धमकी देता हुआ फरार हो गया। पीड़ित दुकानदार को हल्के रूप से घायल हुए हैं। डीसीपी ने बताया कि पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर आरोपी अरुण उर्फ डॉगी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। डॉगी पहले भी कई बार जेल जा चुका है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रुपये के विवाद में जानी-दुश्मन बने बुआ के लड़के



**हापुड।** जिले के थाना हाफिजपुर क्षेत्र के गांव महमूदपुर में रुपये के लेनदेन विवाद में कुछ लोगों ने एक युवक को डंडों और लोहे की जंजीर से जमकर पीटा। इस पीड़ित में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। युवक ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दरअसल, गांव निवासी राज तेवतिया ने बताया कि उनका अपनी बुआ और उनके लड़कों से पिछले एक साल से रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है। उनकी बुआ अपने बेटे अंकित और पंकज गांव में रहने वाले सोनू के यहां आए थे। वह अपने घर से गांव स्थित दुकान पर जा रहा था। रास्ते में उनकी बुआ के बेटे अंकित और पंकज ने उसे रोक कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जोकि सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हाफिजपुर थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोनों एक ही परिवार से है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एनटीएफ पुलिस ने 52 लाख का माल किया बरामद


**हापुड।** मेरठ की एनटीएफ टीम ने हापुड़ जनपद के थाना देहात क्षेत्र से गांजा की बड़ी खेप पकड़ी है। गांजा की कीमत बाजार में 52 लाख रुपए बताई जा रही है। एनटीएफ टीम ने गांजा की खेप के साथ एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। पूछताछ मे तस्कर ने बताया कि वह उड़ीसा से गांजा लाकर वेस्ट यूपी के जिलों में खपाता था। तस्कर के पास से एनटीएफ टीम ने एक केंटर से 1.5 कुंतल अवैध गांजा, 2,490 रुपए की नकदी को बरामद किया है।

**तस्कर से 1.5 गांजा बरामद**

एनटीएफ की टीम ने पकड़े गए तस्कर का नाम गजेंद्र पुत्र सत्य प्रकाश बताया है जो कि बहादूरपुर थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद का रहने वाला है। एनटीएफ टीम व देहात थाना पुलिस ने गांजा तस्कर को दिल्ली लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ततारपुर कट के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान तस्कर के पास से 1.5 कुंतल गांजा बरामद हुआ। जिसकी कीमत तस्कर ने 52 लाख रुपए बताई है।




## पहला चुनाव जब बॉडर्र वाले रहे मौन



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पहली बार ऐसा नजारा देखने को मिला है कि बराबर वाले राज्य में चुनाव है लेकिन यहां के बॉर्डर बिल्कुल मौन रहे हों। शनिवार को दिल्ली में लोकसभा वाला चुनाव था, शुक्रवार की रात से लेकर शनिवार की शाम तक इस बार कमिश्नरेट के किसी भी बॉर्डर पर वह नजारा देखने को नहीं मिला जो अक्सर चुनाव में होता था। ना पुलिस नजर आई ना बेरीकेटिंग और ना वह बंदोबस्त जो चुनाव के समय में होता था। अब इस बार ऐसा क्यों है यह तो नहीं कहा जा सकता लेकिन कमिशनरेट सिस्टम बनने के बाद पहली बार दिल्ली में लोकसभा चुनाव था और गाजियाबाद कमिश्नरेट में चुनावी असर देखने को नहीं मिला है। उधर पुलिस कमिशनरी वाले सूत्र बता रहे हैं कि यहां के अधिकारी लोकल वाले मामलों में उलझे हुए थे। इस वजह से शायद यह भूल हो गई हो। वहीं पुलिस कमियश्नरेट गाजियाबाद का सोशल मीडिया हैंडल भी बता रहा है कि चुनाव को लेकर कोई पोस्ट नहीं की गई हैं। जिसमें पता चले कि दिल्ली में चुनाव के चलते गाजियाबाद के बॉर्डर इलाकों में किसी प्रकार की कोई क्रिया और प्रतिक्रिया की गई हो। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई थानाक्षेत्र ऐसे हैं जो दिल्ली से एकदम सटे हुए हैं। थाने की एक सड़क गाजियाबाद और दूसरी दिल्ली में है लेकिन इस बार पुलिस की कमी और मैनेजमेंट ठीक ना होना बता रहा है कि चुनाव दूसरे राज्य का लेकिन इस राज्य में पता ही नहीं चला। उधर कमिश्नरेट पुलिस वाले सूत्र बता रहे हैं कि अब धीरे-धीरे अलग-अलग जनपदों को गया जो फोर्स था वह आना शुरू हो गया है। 1 तारीख तक सारा फोर्स वापसी हो जाएगा। बताया जा रहा है कि चार तारीख को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के सिटी जोन में होने वाली मतगणना को लेकर भी अभी से पुलिसिंग की व्यवस्था और बंदोबस्त को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। यहां कौन-कौन एसीपी रहेंगे, उनके नामों पर लगभग मोहर लग गई है। वहीं कौन-कौन से आईपीएस अधिकारियों को मतगणना स्थल और उसके आसपास से संबंधित ड्यूटी दे जाएगी यह देखना अभी शेष है। बता दें कि गाजियाबाद में 4 जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना है। वहीं दिल्ली में भी अब चुनाव खत्म हो गया है। जिसके बाद पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अधिकारियों ने और राहत की सांस ली होगी।

# किडनैप : चार युवकों ने दिया वारदात को अंजाम



**हापुड।** जिले की गढ़ मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में स्कूल जा रही छात्रा का चार लोग अपहरण कर ले गए। शोर सुनकर ग्रामीणों ने पीछा किया, लेकिन आरोपी पकड़े नहीं जा सके। मामले में छात्रा के भाई ने गढ़ कोतवाली में चार युवकों के खिलाफ तहरीर दी है।

गढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बहन गांव में स्थित एक स्कूल में पढ़ाई करती है, वह स्कूल में इंटर की मार्कशीट लेने गई थी। तभी रास्ते में गांव के ही 4 लोगों ने उसकी बहन का जबरन अपहरण कर लिया। अपहरण किए जाने के दौरान उसकी बहन ने बचाव के लिए शोर मचाया, तो ग्रामीणों ने आरोपियों का पीछा किया, लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आ सके। जिसके बाद ग्रामीणों ने परिजनों को जानकारी दी। बताया कि जब उसने आरोपी पक्ष के परिजनों से पूछताछ की, तो उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी है।

गढ़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर 4 नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती को जल्द बरामद कर लिया जाएगा।

# घर के दरवाजे पर मिला शव, परिजन बोले- दोस्तों ने गला दबाकर की हत्या



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मोदीनगर थाना क्षेत्र के भोजपुर स्थित गांव नाहली में एक 16 वर्षीय किशोर का शव घर के गेट पर पड़ा मिला है। परिजनों ने दोस्तों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

परिजनों का आरोप है कि हत्या के बाद शव को घर के गेट पर फेंका गया है। वहीं पुलिस ने शुरूआती जांच के बाद इसे आत्महत्या बता रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**आसिफ की मौत से परिवार में कोहराम**

जानकारी के मुताबिक फारूक अपनी पत्नी फुरू, बेटे शादाब, आसिफ, वाजिद और दो बेटियों वसीदा और निशा के साथ गांव नहाली में रहते हैं। फारूक मजदूरी करते हैं। बेटा आसिफ पढ़ाई छोड़कर पिता के साथ मजदूरी करता था। फारूक ने बताया कि आसिफ को बाइक सवार दोस्त अपने साथ ले गए थे। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे वह घर पर आराम कर रहे थे, तभी बाइक सवार ने उसका शव दरवाजे पर फेंक दिया और भाग गये। फारूक आसिफ को बेहोश समझकर ग्रामीणों की मदद से डॉक्टर के पास ले गए। जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।

**परिवार ने रंजिश से किया इनकार**

फारूक ने आरोप लगाया कि आसिफ की गला दबाकर हत्या करने के बाद उसका शव दरवाजे पर फेंक दिया। परिवार ने रंजिश से इनकार किया है। सूचना के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। घंटों तक हंगामा चलता रहा। काफी समझाने के बाद परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने को राजी हुए।

**पीएम रिपोर्ट से मौत का कारण होगा स्पष्ट**

एसीपी ज्ञान प्रकाश राय का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# मामूली बात पर भिड़े दो समुदाय के लोग



**हापुड।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के कस्बे में मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। मौके पर लोगों ने दोनों पक्ष के युवकों को समझाकर शांत कर दिया था। शुक्रवार की रात को वह फिर आमने-सामने आ गए। धारदार हथियार से एक दूसरे पर हमला कर दिया।

मारपीट में तीनों युवक घायल हो गए। मामला अलग-अलग समुदाय से जुड़ा होने के चलते डीएसपी और तहसीलदार के नेतृत्व में दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने लोगों को समझाकर और उचित कार्रवाई का भरोसा देकर हालात को संभाल लिया। दरअसल, पुलिस के अनुसार बहादुरगढ़ कस्बे में बृहस्पतिवार को समीर और मुले व लक्ष्मण दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया, उसके बाद मारपीट होने लगी। वहां पर मौजूद दोनों पक्षों के जिम्मेदार लोगों ने इनको समझाकर शांत किया और वहां से भेज दिया। वहीं शुक्रवार की रात को दोनों पक्ष दोबारा से आमने-सामने आ गए। बृहस्तिवार के विवाद की रंजिश के चलते दोनों पक्ष के युवकों ने एक-दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे समीर, मल्ले और लक्ष्मण घायल हो गए। सूचना पर बहादुरगढ़ थाना प्रभारी सुरेश कुमार, तहसीलदार सीमा सिंह, डीएसपी आशुतोष शिवम, गढ़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंथे। वहां पर दोनों पक्ष के लोगों को समझाकर व उचित कार्रवाई का भरोसा देकर मामला शांत किया। वहीं तीनों घायलों को गढ़ सीएचसी में भर्ती कराया।

डीएसपी आशुतोष शिवम ने बताया कि तनाव जैसी कोई स्थिति नहीं है। दोनों पक्ष के समझदार लोगों की मदद से स्थिति सामान्य है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# बिछड़े मासूम को पुलिस ने माता पिता को सौंपा

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव मिलक दुहाई कट के पास लावारिश हालत में सड़क पर रोते हुए छह साल के बच्चे को पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से दस घंटे में परिजनों को तलाश कर उन्हें सौंप दिया। बच्चे को पाकर परिजनों को चेहरे खिल उठे। एसीपी मसूरी सर्किल नरेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात को दिल्ली मेरठ मार्ग पर पुलिस गश्त कर रही थी। जब पुलिस दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव मिलक दुहाई के पास पहुंची तो एक बच्चा सड़क पर रोता हुआ घूम रहा था। जब पुलिस ने बच्चे से उसका पता पूछा तो वह कुछ नहीं बता सका। इसके बाद पुलिस ने बच्चे का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इतना ही नहीं बच्चे को गूगल मैप पर नक्शा दिखाया तो वह अपने घर के पास बनी पानी की टंकी को पहचान गया। इसके बाद वहां पर पुलिस भेजी गई तो पता चला कि बच्चा सुबह से लापता है। बच्चा मनोज निवासी विकास नगर थाना नंदग्राम का है। बच्चे का नाम सोनू है। बच्चे को पाकर माता पिता के चेहरे खिल गए और पुलिस ने भी राहत की सांस ली।




## श्रद्धांजलि सभा

मान्यवर,

आप को सादर अवगत कराया जाता है कि पूज्यनीय पिताजी स्वर्गीय श्री हरपाल सिंह जी का स्वर्गवास दिनांक रविवार, 19 मई, 2024 को हो गया था।

अतः जिनकी शोक सभा रविवार, दिनांक 26 मई, 2024 होगी हवन समय प्रातः 10:00 बजे प्रसाद वितरण समय दोपहर 12:00 बजे


स्थान : ओशियन गोल्ड बैंक्वेट, चन्द्र नगर, सूर्य नगर, गाजियाबाद

शोकाकुल परिवार :
प्रेमचंद भारती पूर्व जिला अध्यक्ष बसपा 9810759562, राजू भारती 7827577981 अशोक भारती 8527370125
विनोद भारती 7982481495 बिंटू भारती 8700761768 मोहित भारती 9953932755

# सीपीईसी के दूसरे चरण की शुरूआत के लिए चीन जाएंगे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** सीपीईसी के पहले चरण में बुनियादी ढांचा और ऊर्जा परियोजनाओं का विकास शामिल था। वहीं, दूसरे चरण में, दोनों देश कृषि, पाकिस्तान रेलवे की मेन लाइन-क् व्यवसायियों से व्यवसायियों के बीच सौदे और काराकोरम राजमार्ग के पुनर्निर्माण आदि पर ध्यान केंद्रित करेंगे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जल्द ही चीन के दौरे पर जाएंगे।

इस दौरान वे चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के दूसरे चरण की औपचारिक शुरूआत में शामिल होंगे। पाकिस्तानी मीडिया की मानें तो शरीफ जून के शुरूआती सप्ताह में बीजिंग के दौरे पर जाएंगे। पाकिस्तानी पीएमओ ने बताया कि शहबाज चार जून को चीन के लिए रवाना होने वाले थे लेकिन अब तारीखों में थोड़ा बदलाव किया जा सकता है। सीपीईसी के पहले चरण में बुनियादी ढांचा और ऊर्जा परियोजनाओं का विकास शामिल था। वहीं, उढएउ के दूसरे चरण में, दोनों देश कृषि, पाकिस्तान रेलवे की मेन लाइन-क् व्यवसायियों से व्यवसायियों के बीच सौदे और काराकोरम



राजमार्ग (ङङ्ल) के पुनर्निर्माण आदि पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

शरीफ- चीनी अनुभवों का लाभ उठाना चाहते हैं प्रधानमंत्री शरीफ ने शुक्रवार को चीनी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम अपने आईटी क्षेत्र और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए चीनी अनुभवों का लाभ उठाना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि चीन पाकिस्तान के विकास में अहम भूमिका निभा रहा है।

चीन ने हर कठिन समय में हमेशा पाकिस्तान की मदद की है। पूरा देश चीनी नेतृत्व और चीनी लोगों का आभारी है। पाकिस्तान ने चीनी कंपनियों को आश्वस्त किया कि चीनी श्रमिकों और नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कृषि क्षेत्र के लिए पाकिस्तान ने चीन को किया आमंत्रित शरीफ ने बैठक में आगे कहा कि पाकिस्तान एक कृषि प्रधान देश है। वह इस क्षेत्र में चीन की आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करना चाहते हैं। उन्होंने चीनी कंपनियों को पाकिस्तान के इलेक्ट्रिक, हाइब्रिड ऑटो सेक्टर सहित अन्य क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

### सीपीईसी कॉरिडोर का भारत करता है विरोध

सीपीईसी पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थित ग्वादर बंदरगाह को चीन के शिनजियांग प्रांत से जोड़ता है। भारत इसका विरोध कर रहा है क्योंकि इसे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के माध्यम से बनाया जा रहा है। सीपीईसी को लेकर एक बार जयशंकर ने कहा था कि मुझे लगता है कि तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर एससीओ की बैठक में एक बार नहीं बल्कि दो बार यह बहुत स्पष्ट कर दिया गया था कि कनेक्टिविटी प्रगति के लिए अच्छी है, लेकिन कनेक्टिविटी किसी देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन नहीं कर सकती है।

# जर्मनी में नाजी-युग के नस्लवादी नारों पर आक्रोश के बाद कार्रवाई

**बर्लिन।** लोकप्रिय जर्मन रिसॉर्ट द्वीप सिल्ट के एक रेस्तरां में कुछ लोगों ने नाजी युग के प्रतीकों को प्रदर्शित करते हुए नस्लवादी नारे लगाए। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद आलोचना होने पर रेस्तरां के संचालकों ने इस प्रकार के व्यवहार को न देखने की बात कही।

कम्पेन के आलीशान रिसॉर्ट में प्रसिद्ध पोनी रेस्तरां के संचालकों ने इंस्टाग्राम पर लिखा, अगर हमारे स्टाफ ने इस व्यवहार पर ध्यान दिया होता, तो हम इसे तुरंत रोकते और पुलिस को सूचित करते। चंद सेकंड के वीडियो में युवाओं का समूह गिगी डी'ऑगोस्टिनो के हिट गीत 'एल'अमोर टौजोर्स' की धुन पर विदेशियों को बाहर करो! और जर्मनी फॉर जर्मन्स के नारे लगाते दिख रहा है। एक आदमी अपने ऊपरी होंठ पर उंगलियां रखकर हिटलर की मूंछों की नकल करता हुआ दिखाई देता




है। देश की सुरक्षा एजेंसी मामले में शामिल लोगों की जांच कर रही है। जर्मनी में नाजी प्रतीकों और नाजी नारों का उपयोग असंवैधानिक है। चांसलर ओलाफ स्कोल्ज सहित राजनेताओं ने वीडियो पर आश्चर्य व्यक्त किया।

देश के गृहमंत्री नैन्सी फेसर ने फंके मेडिएनग्रुप अखबार को बताया कि जो कोई भी 'जर्मनी जर्मनों के लिए और विदेशियों को बाहर करो' जैसे नाजी नारे लगाता है, वह जर्मनी का अपमान करता है। विज्ञापन एजेंसी सर्विसप्लान ग्रुप ने शुक्रवार शाम इंस्टाग्राम पर घोषणा की कि उसने घटना में शामिल एक कर्मचारी को बर्खास्त कर दिया है। कंपनी ने कहा, हम अपने एजेंसी समूह के भीतर किसी भी रूप में नस्लवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# अमेरिका ने चीनी उत्पादों पर लगाई पाबंदी

## दोनों देशों के बीच गहराया व्यापार युद्ध का संकट

**वाशिंगटन।** चीनी उत्पादों पर निर्भरता कम करने व स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका ने चीन से आयात किए जाने वाले सैकड़ों वस्तुओं पर पाबंदी लगा दी या टैक्स बढ़ा दिया। अब, संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के कार्यालय ने 429 उत्पादों में से लगभग आधे पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ा दिया है। गौरतलब है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के साथ व्यापार युद्ध शुरू किया था।



उन्होंने 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 का हवाला देते हुए 300 अरब डॉलर से अधिक के चीनी सामानों के आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाया था। कुछ उद्योगों में कंपनियों को राहत देने के लिए, ट्रम्प ने कुछ उत्पादों के लिए टैक्स में छूट भी दी थी। पिछले हफ्ते, वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर टैक्स को चार गुना करने और सौर कोशिकाओं, अर्धचालक और अन्य कई सामानों पर टैक्स बढ़ाने की घोषणा की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने व्यापार प्रतिनिधि को चीन से 18 अरब डॉलर के आयात पर व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 301 के तहत टैक्स बढ़ाने का निर्देश दिया। अमेरिकी सरकार द्वारा चीन के सामानों पर पाबंदी लगाए जाने व टैक्स में बढ़ोत्तरी किए जाने के बाद अब दोनों देशों के बीच व्यापार संघर्ष बढ़ने की आशंका है। अमेरकी कदम के बाद अब चीन भी जवाबी कार्रवाई कर सकता है और अमेरिका से आयात किए जाने वाले सामानों पर जहां पाबंदी लगा सकता है, वहीं टैक्स में भी वृद्धि कर सकता है। इससे दोनों देशों के बीच संबंधों के और कटु होने की आशंका है।

# साल 2018 में दुर्घटना करने वाले भारतीय मूल के ड्राइवर को निर्वासित करेगा कनाडा, 16 लोगों की गई थी जान

**ओटावा।** जसकीरत को साल 2019 में ही 16 लोगों की मौत का दोषी ठहराया गया था और उस पर गलत तरीके से वाहन चलाने का आरोप सिद्ध हुआ। बीते साल ही जसकीरत को जमानत पर रिहा किया गया था। साल 2018 में भयानक सड़क दुर्घटना का कारण बने भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवर को कनाडा भारत निर्वासित करेगा। उस हादसे में 16 लोगों की मौत हुई थी और 13 अन्य घायल हुए थे। ड्राइवर जसकीरत सिंह सिद्धू साल 2014 में ही कनाडा पहुंचा था। फिलहाल वह कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कैलगेरी शहर में रह रहा है। कनाडा के अप्रवासन और शरणार्थी बोर्ड ने शुक्रवार को जसकीरत सिंह को भारत वापस भेजने का आदेश दिया।



आदेश के खिलाफ अपील करेगा जसकीरत माइकल ग्रीन ने कहा कि वह सिद्धू के निर्वासन के खिलाफ सरकार के समक्ष याचिका भी दायर करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें वह कनाडा सरकार से मांग करेंगे कि मानवीय आधार पर सिद्धू का स्थायी निवास का दर्जा वापस किया जाए।

वकील ने बताया कि सिद्धू और उसकी पत्नी अब एक बच्चे के माता-पिता हैं। सिद्धू के बच्चे को दिल और फेफड़ों से संबंधित गंभीर बीमारी है। ऐसे में बच्चे को काफी देखभाल की जरूरत है। सड़क हादसे में मारे जाने वाले कई लोगों के परिजनों ने भी सिद्धू को निर्वासित करने की मांग की है। हालांकि कुछ माता-पिता ऐसे भी हैं, जो जसकीरत सिंह का समर्थन कर रहे हैं और उसे निर्वासित करने के खिलाफ हैं। गौरतलब है कि साल 2018 में जसकीरत सिंह इंटरसेक्शन पर रुकने के संकेतक को अनदेखा कर आगे बढ़ गया था। जिससे हुबोल्ट ब्रोंकोस जूनियर हॉकी टीम की बस ट्रक से टकरा गई थी। इस हादसे में टीम के 16 खिलाड़ियों की मौत हो गई थी और 13 अन्य घायल हो गए थे।

### जसकीरत की छिनी कनाडाई नागरिकता

जसकीरत को साल 2019 में ही 16 लोगों की मौत का दोषी ठहराया गया था और उस पर गलत तरीके से वाहन चलाने का आरोप सिद्ध हुआ। बीते साल ही जसकीरत को जमानत पर रिहा किया गया था। कनाडा के अप्रवासन विभाग के अधिकारी ट्रेंट कुक ने जसकीरत को निर्वासित करने का आदेश दिया। जसकीरत ने मानवीय और दया के आधार पर उसे निर्वासित न करने की मांग की, लेकिन कुक ने उसकी अपील खारिज कर दी। जसकीरत सिंह सिद्धू के वकील माइकल ग्रीन ने फैसले से नाराजगी जताई। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी कई और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन होना है, ऐसे में जसकीरत को निर्वासित करने में महीनों और वर्षों का समय लग सकता है।

## न्यूज डायरी

### पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 300 पहुंची



**सिडनी।** सिडनी बीते दिन उत्तरी पापुआ न्यू गिनी में आए खौफनाक भारी भूस्खलन में अब मरने वालों की संख्या 300 के पार पहुंच गई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एंगा प्रांत के एक संसद सदस्य ऐमोस अकेम ने पीएनजी पोस्ट-कूरियर को बताया कि भूस्खलन में मैप मुरीताका ग्रामीण एलएलजी में 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। वहीं, इस खौफनाक भारी भूस्खलन में 1,182 घर मलवे में दब गए हैं। शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार लगभग 3.00 बजे एक बड़े भूस्खलन ने पीएनजी की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से 600 किमी उत्तर पश्चिम में स्थित एंगा प्रांत के काओकलाम गांव में तबाही मचा दी। जिसमें लगभग 100 लोगों के मारे जाने की खबर आ रही थी, लेकिन अब ये आंकड़ा बढ़कर 300 हो गया है। भूस्खलन से पोगेरा स्वर्ण खदान के पास एक हाईवे का हिस्सा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसका संचालन बैरिक गोल्ड द्वारा बैरिक नियुगिनी लिमिटेड के माध्यम से किया जाता है। यह चीन की जिजिन माइनिंग के साथ संयुक्त उद्यम है। आपको बता दें कि पापुआ न्यू गिनी की जनसंख्या 1 करोड़ के आसपास है। यह ऑस्ट्रेलिया के बाद सबसे अधिक आबादी वाला दक्षिण प्रशांत देश है। ऑस्ट्रेलिया की जनसंख्या 2 करोड़ 70 लाख है।

### आईडीएफ ने गाजा में हमास के डिप्टी कमांडर को किया ढेर



**तेल अवीव।** इजरायल रक्षा बलों ने मध्य गाजा पट्टी में हवाई हमले में हमास के एक डिप्टी कमांडर को मार गिराया है। आईडीएफ ने मारे गए हमास कमांडर की पहचान जियाद अल-दीन अल-शरफा के रूप में की है। इजरायली सेना ने कहा कि वरिष्ठ हमास नेता की हत्या शिन बेट और सैन्य खुफिया के बीच एक ज्वाइंट ऑपरेशन के माध्यम से की गई। आईडीएफ के 99 इन्फैंट्री डिवीजन ने ऑपरेशन का नेतृत्व किया और अल-शरफा पर हमले का समन्वय किया। अल-शरफा को गाजा पट्टी में हमास का प्रमुख आतंकवादी माना जाता था। इजरायल रक्षा बल अब विशेष रूप से हमास के वरिष्ठ नेताओं पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। सेना हमास के वरिष्ठ नेताओं की गतिविधियों पर खुफिया एजेंसी शिन बेट से प्राप्त सूचनाओं पर काम कर रही है। बयान के अनुसार, आईडीएफ ने यूसुफ अल-शोबाकी को भी मार गिराया है। वह गाजा में हमास आतंकवादी समूह के औद्योगिक सुरक्षा विभाग का नेतृत्व कर रहा था। आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट से इनपुट मिलने के बाद कुछ दिन पहले ही उसे मार दिया गया था।

# मुख्य आरोपी को सजा देना चुनौती, भारत-अमेरिका और नेपाल की सरकार के संपर्क में है गृह मंत्रालय

**कोलकाता।** बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने दावा किया है कि बांग्लादेशी मूल का अमेरिकी बिजनेसमैन अख्तरुज्जमां शाहीन ही आवामी लीग के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या का मुख्य संदिग्ध है और उसे सजा दिलाने के लिए उनकी सरकार भारत, नेपाल और अमेरिका की सरकार के संपर्क में है। ढाका से टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान असदुज्जमां खान ने कहा कि बेशक हम शाहीन की तलाश कर रहे हैं। वह हत्या के मामले में मुख्य संदिग्ध और वांछित है। हमने भारत, नेपाल और अमेरिका की जांच एजेंसियों से मदद मांगी है, ताकि उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जा सके।

सांसद की हत्या में तीन संदिग्ध हुए गिरफ्तार बांग्लादेश के गृह मंत्री ने कहा कि 'हम शाहीन को वापस लाने के लिए इंटरपोल के संपर्क में भी हैं। हमने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। पकड़े



गए संदिग्धों में से दो का आपराधिक रिकॉर्ड है और महिला के बारे में पता लगाया जा रहा है।' हत्या के पीछे की वजह के बारे में पूछे जाने पर गृह मंत्री ने कहा 'हम जल्द ही इसके बारे में खुलासा करेंगे।' माना जा रहा है कि मुख्य संदिग्ध अख्तरुज्जमां शाहीन अमेरिका में है और उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है। शाहीन के भाई और कोटचांदपुर के मेयर मोहम्मद शहीदुज्जमां ने भी कहा है कि अगर उसका भाई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# चुनाव से पहले ट्रंप के सार्वजनिक बयानों पर रोक लगाने की मांग

## अभियोजक ने लगाए झूठे दावे करने के आरोप

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरूआत में दावा किया था कि अगस्त 2022 में उनके मार-ए-लागो एस्टेट की तलाशी लेने वाले एफबीआई एजेंट उन्हें गोली मारना चाहते थे। एजेंट उन्हें मारने और उनके परिवार को खतरे में डालने के लिए पूरी तरह तैयार थे। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने बयानों की वजह से परेशानी में घिरते जा रहे हैं। उनकी मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही है। संघीय अभियोजकों ने शुक्रवार को गोपनीय दस्तावेजों के मामले की देखरेख कर रहे न्यायाधीश से ट्रंप को सार्वजनिक बयान देने से रोकने के लिए कहा।

उनका कहना है कि पूर्व राष्ट्रपति के बयान अभियोजन पक्ष में भाग लेने वाले कानून प्रवर्तन एजेंटों के लिए खतरा पैदा करते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरूआत में दावा किया था कि अगस्त 2022 में उनके मार-ए-लागो एस्टेट की तलाशी लेने वाले एफबीआई एजेंट उन्हें गोली मारना चाहते थे। एजेंट उन्हें मारने और उनके परिवार को खतरे में डालने के लिए पूरी तरह तैयार थे। इस दावे के बाद अमेरिकी जिला न्यायाधीश एलेन कैनन से ट्रंप को



बयान देने से रोकने का अनुरोध किया गया। आरोप-प्रत्यारोप अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप अदालती दस्तावेजों का हवाला दे रहे थे। उनका कहना था कि एफबीआई ने तलाशी के दौरान मानक बल प्रयोग नीति का पालन किया। हालांकि, अभियोजकों ने कहा कि यह नीति नियमित है और इसका उद्देश्य तलाशी के दौरान बल प्रयोग को सीमित करना है। तलाशी जानबूझकर तब की गई जब ट्रंप और उनका परिवार बाहर थे और इसे सीक्रेट सर्विस के साथ समन्वयित किया गया था। कोई बल प्रयोग नहीं किया गया। विशेष वकील जैक स्मिथ की टीम के अभियोजकों ने शुक्रवार देर रात अदालती दस्तावेजों में कहा कि ट्रंप के बयानों में यह झूठा दावा किया गया है कि संघीय एजेंट उनकी हत्या की साजिश में शामिल थे, जो कानून प्रवर्तन की पोल खोलता है।

### तथ्यों को बार-बार गलत तरीके से पेश कर रहे

अभियोजकों ने कैनन से कहा, ट्रंप द्वारा तथ्यों को बार-बार गलत तरीके से प्रस्तुत करने से मामले की जांच और अभियोजन में शामिल कानून प्रवर्तन अधिकारियों को खतरा पैदा हो गया है और इन कार्यवाहियों की अखंडता को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस तरह के बयानों पर रोक लगाना चाहिए। इससे वैध भाषण पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अभियोजकों ने कहा कि बचाव पक्ष के वकीलों ने सरकार के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई है। ट्रंप के एक वकील ने शुक्रवार रात तक इस पर कोई जवाब नहीं दिया था।

# एयरलाइंस के विमान ने 62 सेकेंड तक झेली थी टर्बुलेंस

**सिंगापुर।** फ्लाइटरडार24 के आंकड़ों के अनुसार, पहले विमान 1664 फीट प्रति मिनट की दर या 507 मीटर प्रति मिनट की दर से ऊपर की तरफ गया। इसके छह सेकेंड बाद ही विमान 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे की तरफ आया। सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट एसक्यू321 बीती 21 मई को टबुर्लेंस में फंस गई थी। इस दौरान एक यात्री की मौत भी हो गई थी। इसकी पूरी दुनिया में चर्चा हुई थी। अब पता चला है कि उस दिन सिंगापुर एयरलाइंस का विमान 62 सेकेंड तक टबुर्लेंस में फंसा रहा था और इस दौरान विमान पहले ऊपर गया और फिर तेजी से नीचे गिरा। विमान सिंगापुर से लंदन जा रहा था। जब विमान म्यांमार के इर्रावड्डी डेल्टा क्षेत्र के ऊपर था, इस दौरान वह टबुर्लेंस में फंस गया।




62 सेकेंड तक टबुर्लेंस में फंसा रहा विमान फ्लाइट ट्रैकिंग डाटा वेबसाइट फ्लाइट रडार 24 के अनुसार, सिंगापुर एयरलाइंस का विमान बोइंग 777-300ईआर 62 सेकेंड में दो बार ऊपर नीचे हुआ। सिंगापुर के समय के अनुसार, दोपहर करीब 3.49 बजे विमान टबुर्लेंस में फंसा।

विमान 37 हजार फीट पर उड़ रहा था और टबुर्लेंस में फंसते ही वह पहले ऊपर जाकर 37400 फीट की ऊंचाई पर पहुंचा। इसके बाद तेजी से नीचे गिरा और 36,975 फीट की ऊंचाई पर पहुंच गया। फ्लाइटरडार24 के आंकड़ों के अनुसार, पहले विमान 1664 फीट प्रति मिनट की दर या 507 मीटर प्रति मिनट की दर से ऊपर की तरफ गया। इसके छह सेकेंड बाद ही विमान 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे की तरफ आया।

इसके तीन सेकेंड बाद ही विमान 900 फीट प्रति मिनट की दर से फिर से ऊपर की तरफ गया और फिर 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे आया। बताया जा रहा है कि तेजी से ऊपर नीचे जाने के चलते विमान में टबुर्लेंस हुआ विमान में अफरा-तफरी मच गई। पायलट ने बताया क्या हुआ होगा पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि विमान 37,000 फीट से गिरकर 31,000 फीट पर पहुंच गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक पायलट ने पहचान जाहिर न करने की शर्त पर बताया कि जब विमान तेजी से ऊपर गया तो गुरुत्वाकर्षण बल के चलते यात्रियों को ऐसा लगा जैसे उन पर सीटे पर बैठे हुए दबाव पड़ रहा है।

इसके बाद जब विमान तेजी से नीचे गया तो यात्री अपनी सीटों से उछलकर विमान की छत से टकरा गए। इसके बाद दूसरी बार फिर से यही प्रक्रिया हुई। इससे यात्री घबरा गए। इसी दौरान घबराहट में ब्रिटिश यात्री ब्रिटन ज्योफ्री की हार्ट अटैक से मौत हो गई और कई यात्री घायल हो गए। टबुर्लेंस के बाद पायलट ने मेडिकल इमरजेंसी की घोषणा कर विमान को आपात स्थिति में बैंकॉक के स्वर्णभूमि एयरपोर्ट पर उतारा।

# पंजाब सरकार ने इमरान खान के खिलाफ मामले दर्ज करने की मंजूरी दी

**इस्लामाबाद।** पंजाब के सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने कहा कि इमरान खान मुजीबुर रहमान बनने की कोशिश कर रहे हैं। मुजीबुर रहमान ने पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश में स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया था। पाकिस्तान में पंजाब सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के लोगों के खिलाफ और मामले दर्ज करने की मंजूरी दे दी।

इमरान खान और उनकी पार्टी पर सेना के खिलाफ नफरत फैलाने का आरोप लगाया गया है। क्रिकेटर से राजनेता बने 71 वर्षीय इमरान खान पिछले साल अगस्त से जेल में बंद हैं। पंजाब में मरियम नवाज की कैबिनेट ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख इमरान खान और उनकी पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई को मंजूरी दे दी। पंजाब के सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने इसकी जानकारी दी। इमरान खान पर नफरत फैलाने का आरोप आजमा बुखारी ने



कहा कि इमरान खान मुजीबुर रहमान बनने की कोशिश कर रहे हैं। मुजीबुर रहमान ने पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश में स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया था।

उन्होंने आगे कहा कि इमरान खान से मिलने जो भी अदियाला जेल जाते हैं, वे सभी नफरत फैलाने में उनका अनुसरण करते हैं। आजमा बुखारी ने कहा कि पंजाब सरकार एक पत्रकार की शिकायत के आधार पर ब्रिटिश अखबार में लेख लिखने के लिए इमरान खान और उनके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज कर सकती है।

# पार्षद शिल्पा चौधरी ने पार्क में लगवाया सबमर्सिबल

**साहिबाबाद ,करंट क्राइम।** वार्ड 61की पार्षद शिल्पा चौधरी ने मनोकामना अपार्टमेंट सेक्टर 4ए,वसुंधरा के ओंकारेश्वर मंदिर वाले पार्क में 1.5 एचपी का सबमर्सिबल लगवाया। सबमर्सिबल का उद्घाटन पार्षद प्रतिनिधि व महानगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा आशीष चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम है पानी की अधिक आवश्यकता है, इसके लगने से पेड़ पौधे भी हरे भरे रहेंगे। काफी दिनों से आरडब्ल्यूए की मांग पर यह कार्य किया गया है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष बृजपाल सिंह ने बताया कि मंदिर वाले पार्क में मंदिर की सफाई व हरियाली बनाए रखने के लिए सबमर्सिबल बहुत जरूरी था इसके लिए उन्होंने स्थानीय पार्षद का धन्यवाद व्यक्त किया । इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष बृजपाल सिंह , उपाध्यक्ष भारत डोरबी, सहदेव बहादुर, संयुक्त सचिव संजय डोभाल , विवेक शर्मा , पंडित विलोचन प्रसाद, प्रदीप मिश्रा,





विपिन कुमार सिंह, राकेश सिंह, विनय सिंह, प्रदीप शर्मा, पीएन तिवारी, अखिलेश यादव, रवि राय , मनोज सिंह, विवेक रावत आदि उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद ने लगवाया चिकित्सा शिविर



साहिबाबाद ,करंट क्राइम। भारत विकास परिषद इन्दिरापुरम की मुख्य शाखा द्वारा ज्ञानखंड 2 डिवाइन हैरीटेज सोसायटी में होम्योपैथी चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ गुरप्रीत सिंह द्वारा किया गया। उत्थान होम्योपैथी के डायरेक्टर डॉ. आदेश त्यागी ने बताया कि सुबह 9.30 से 11. 30 तक व शाम को 7.30 से 9 बजे तक लगेगा। इसमें 20 रूपए रजिस्ट्रेशन शुल्क लेकर पांच दिन की मुफ्त दवा भारत विकास परिषद के सहयोग से दी जाएगी। होम्योपैथी चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर अनिल गुप्ता , प्रवीण मिश्रा युवा समाजसेवी, विश्वदीप त्यागी , सामाजिक कल्याण समिति के संरक्षक विनय त्यागी, वरिष्ठ नागरिक मंच से प्राण मल्होत्रा, राधेश्याम वर्मा, प्रमोद शुक्ला, छतरसिंह, एके गुप्ता, सुमित, आभा शर्मा निशा मित्तल, सीमा शर्मा, सुनीता गुप्ता, लता कांडपाल, अनिता रावत,सुमन वैश्य आदि मौजूद रहे।

शाखा संरक्षक हेमन्त कुमार वाजपेयी ने कहा कि शाखा को नर सेवा नारायण सेवा का भाव रखते हुए क्षेत्र में जरूरतमंदों की सेवा को सेवाकेन्द्र बनाने का संकल्प सभी को दिलाया।

# आरकेजी ग्लोबल स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन पर जश्न





**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** शनिवार को राजनगर एक्सटेंशन स्थित आरकेजी ग्लोबल स्कूल ने ग्रीष्मकालीन शिविर के पूरा होने का जश्न मनाया। महाफिनाले के कार्यक्रम में समूह निदेशक डॉ. सत्येंद्र कुमार, स्कूल की प्रधानाचार्या शिल्पश्री टीआर और गेस्ट ऑफ ऑनर बीना उपस्थित रहे। कार्यक्रम ऊर्जा और उत्साह से भरा था। छात्रों ने उन प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया जो उन्होंने ग्रीष्मकालीन शिविर में सीखा था जैसे नृत्य प्रदर्शन, संगीत प्रदर्शन, योग। शूटिंग, ताइक्वांडो, क्रिकेट औरअन्य प्रतियोगिताओं में जीतने वाले सभी छात्रों को ट्रॉफी, पदक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। समूह अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल ने छात्रों का मार्गदर्शन और सराहना की। उपाध्यक्ष आंचल गोयल ने भी युवा सितारों की प्रतिभा की सराहना की।

# समर कैम्प में स्कूली बच्चों ने सीखे पर्यावरण को साफ रखने के तरीके



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** प्राथमिक विद्यालय अजबपुर मंगावली में 'फुलवारी बच्चों की' समर कैम्प में काइट की एसोसिएट प्रोफेसर और उजाला समिति प्रेसिडेंट डॉ. नीलम शर्मा को उनके योगदान के लिए खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद और ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने सम्मानित किया। इसके अलावा संगठन मंत्री ऋतु गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। स्कूल की अध्यापक सुमन मैम द्वारा 20 मई से 25 मई तक समर कैम्प लगाया गया जिसमें डॉ. नीलम शर्मा ने बच्चों को वेस्ट मैटेरियल से बेस्ट बनाने के तरीके सिखाये और कैसे पर्यावरण को साफ सुथरा रख सकते हैं इस बारे में जानकारी दी।

बच्चों ने कपड़ों से बैग बनाने सीखे ,बच्चों ने समर कैम्प में वैदिक मैथ्स के मेथड ,क्राफ्ट का काम ,योगा जानकारी हासिल की।



# राशन कार्डधारक यूनिट सत्यापन को ई केवाईसी कराएं




गाजियाबाद ,करंट क्राइम। आयुक्त महोदय, खाद्य एवं रसद विभाग, उ०प्र० जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय से जनपद में प्रचलित समस्त राशनकार्डधारकों के यूनिटों के सत्यापन के लिए ई केवाईसी करायी जानी है जिसकी अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई जिला पूर्ति अधिकारी डॉ. सीमा ने जानकारी देते हुए बताया कि राशन वितरण के अंतिम 02 दिवसों में ई-पॉस मशीन के माध्यम से कार्डधारकों की ई केवाईसी कराये जाने का कार्य किया जायेगा।

समस्त राशनकार्डधारक अपने राशन विक्रेता के यहां वितरण के अंतिम दिवस में अपना आधार कार्ड एवं राशन कार्ड ले जाकर अपने परिवार के समस्त सदस्यों/यूनिटों की ई केवाईसी पूर्ण करा लें। राशनकार्डधारक के प्रत्येक सदस्य को यह कार्य कराना बहुत जरूरी है। प्रत्येक राशन कार्ड में जितने भी सदस्य होंगे विक्रेता के पास जाकर सबका अंगूठा इ-पॉस मशीन में लगने के पश्चात ही ई केवाईसी पूर्ण मानी जायेगी। डॉ. सीमा ने बताया कि शासन द्वारा इस प्रकिया से प्रत्येक सदस्य की जांच करवायी जा रही है, जो भी कार्डधारक ई केवाईसी नहीं करवायेगा उसकी जांच संबंधित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक के माध्यम से करवाये जाने के उपरांत राशनकार्ड से नाम हटा दिया जायेगा।

# डिजाइन थिंकिंग पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित







**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेस कैंपस के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि डिजाइन थिंकिंग किसी भी टीम को उपभोक्ताओं अथवा प्रयोगकर्ताओं को समझने और समस्याओं को परिभाषित करने में मदद करती है। इसके अलावा यह प्रोटोटाइप और परीक्षण की बाबत नवीन समाधान भी प्रदान करती है।

डॉ. सिंह ने यह बात संस्थान परिसर में कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा बीसीए द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए डिजाइन द थिंकिंग पर आयोजित दो दिवसीय सर्टिफिकेशन कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर स्कूल ऑफ डिजाइन थिंकिंग, चेन्नई के विशेषज्ञों डॉ. रामकृष्णन आर और आनंद बाबू ने प्रतिभागियों को आडियो विजुअल और फन गेम्स के माध्यम से डिजाइन थिकिंग के सिद्धांतों, प्रोसेस और उसके महत्व को बखूबी समझाया। स्कूल ऑफ डिजाइन थिंकिंग एक अग्रणी संस्थान है जो डिजाइन थिंकिंग के सिद्धांतों के माध्यम से नवीन समस्या समाधान कौशल विकसित करने के लिए जाना जाता है। कंप्यूटर विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गगन वार्ष्णेय ने दोनों अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि यह दो दिवसीय प्रशिक्षण किस तरीके से विद्यार्थियों के प्रोफेसनल कॅरियर में मील का पत्थर साबित होने वाला है। कार्यक्रम का संचालन कार्यशाला की कोर्डिनेटर नीरु सक्सेना ने किया।







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रविंद्र त्यागी की खूबी ये है कि वो सोशल मीडिया पर किसी स्थान का वर्णन बेहद रोचक तथ्य के साथ देते हैं। इस बार बात आस्था और श्रद्धा की है। जयपुर से सालासरबालाजी धामकी यात्रा को अपनी फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। यहपोस्टबनी करंटक्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# आरकेजीआईटी एण्ड मैनेजमेंट में सजी विदाई की मधुर बेला





**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** मेरठ रोड स्थित आरकेजीआईटी एण्ड मैनेजमेंट में अन्तिम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। सुख और दुःख की इस मधुर बेला का शुभारम्भ चेयरमैन दिनेश गोयल, अक्षत गोयल, आरकेजी ग्रुप के एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, निदेशक डॉ. राकेश गोयल, डीन एकेडमिक्स प्रो0 मनोरमा शर्मा, डॉ0 आभा वत्स ने सम्मिलित रूप से माँ सरस्वती के सम्मुख दिव्य ज्योति प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर संस्थान के अन्तिम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं ने कहा कि वे अपने प्रथम वर्ष में कुछ सपने लेकर आये थे आज उनके सपने साकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज हमेशा उनकी स्मृति में बना रहेगा।

इस अवसर पर मिस्टर एण्ड मिस फेयरवेल का आयोजन किया गया जिसमें अन्तिम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं का चयन हुआ। मिस्टर फेयरवेल सुशान्त एवं मिस फेयरवेल कौशिकी तिवारी रहीं। संस्थान के निदेशक डॉ0 राकेश गोयल ने कहा कि संस्थान के लिए यह क्षण खुशी एवं गम दोनों से भरा हुआ है । खुशी इसलिए कि संस्थान सुशिक्षित छात्र एवं छात्राओं के समूह को समाज की सेवा एवं विकास के लिए अर्पित कर रहा है तथा दुःख इसलिए कि ये छात्र एवं छात्राएं चार वर्ष के लम्बे समय के बाद कॉलेज परिवार से विदा ले रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. मोनिका मिश्रा, डॉ. राशि सक्सेना, निधि गर्ग, तन्वी पायल, नेहा काम्बोज, सारिका त्यागी, कनुप्रिया सिंह, नेहा त्यागी, दीपा सोलंकी, मनीष कुमार श्रीवास्तव, संदीप सिंह, नितिन कुमार, नवनीत कुमार एवं अभिषेक कुमार का सहयोग रहा। कार्यक्रम में समस्त विभागाध्यक्ष, फैकल्टी एवं स्टॉफ के लोग मौजूद रहे।

# भगवती इंस्टीट्यूट ने शिक्षकों व प्रतिभाशाली छात्रों को किया सम्मानित





**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** भगवती इंस्टीट्यूट ने धौलाना क्षेत्र में स्कूल स्तर पर क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया। संस्थान के सचिव डॉ० हिमांशु सिंहल, निदेशक प्रोफेसर डॉ० अनिरुद्ध विश्वास, चीफ एडमिन ऑफिसर पी के भारद्वाज आदि गणमान्य अतिथियों ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम के बीच, चयनित प्रधानाचार्य व शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया और विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक, शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधन विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर हिमांशु सब्बरवाल ने संस्था की मूल सुविधाओं और उपलब्धियों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से सभी को प्रस्तुत की। प्रबंधन विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर राहुल कुमार, फार्मेसी विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर सौरभ शर्मा और तकनीकी विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर लवली सिंह ने अपने विभागों में अध्ययन के स्कोप का सम्यक वर्णन किया। वर्तमान विद्यार्थियों ने संस्थान के शत प्रतिशत प्लेसमेंट की ऑन स्टांप गारंटी, तिहरी स्कॉलरशिप, सह पाठ्यक्रम गतिविधियां, लर्निंग एनवायरमेंट, टीचिंग मैथडोलॉजी आदि की प्रशंसा की।

भगवती इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के सचिव डॉ० हिमांशु सिंहल ने सभी मौजूद अतिथि प्रधानाचार्य, शिक्षक व सम्मानित छात्रों का अभिनंदन किया । मंच संचालन प्रबंधन विभाग केअसिस्टेंट प्रोफेसर अनमोल कालरा द्वारा किया गया।


## श्रद्धांजलि सभा



19/09/1966 - 17/05/2024

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनीता गोयल, धर्मपत्नी श्री रूपेंद्र कुमार गोयल का स्वर्गवास दिनांक 17/05/2024 को हो गया है।

रसम पगड़ी एवं प्रार्थना सभा :

दिनांक : 27/05/2024 (सोमवार)
समय : साएं 4 बजे से 5 बजे
स्थान : भगवत धाम, चिल्ला रोड, मयूर विहार - I, दिल्ली - 91

शोकाकुल
गोयल परिवार